● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 299, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 17 दिसम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



केजरीवाल का चौथी बार सरकार बनाने का दावा 5

रजत पाटीदार ने रचा इतिहास 6

## युवाओं की आंखों में सपने, भुजाओं में ताकत, पैरों में होती है गति : डॉ. यादव

### युवा संवाद (रोजगार केन्द्रित) कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हुए युवाओं से रू-ब-रू



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समाज और देश की दशा और दिशा बदलने में ऊर्जावान युवाओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। युवाओं के मजबूत हौंसले, इच्छाशक्ति, लगन और परिश्रम के बल पर ही देश सफलता की ऊंचाइयों को छूता है। युवा शक्ति भारत की सच्ची ताकत है और भारत ही विश्व में सबसे युवा देश है। दुनिया के विभिन्न देशों में भारतीय युवा सफलता प्राप्त कर देश का नाम रोशन कर रहें हैं। मध्यप्रदेश में युवाओं को शिक्षा के साथ सभी सेक्टरों में रोजगार के अवसर दिये जाने का काम वृहद स्तर पर हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बरतकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल में जन-कल्याण पर्व अंतर्गत आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में 45 संस्थानों के विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-रोजगार केन्द्रित युवा संवाद कार्यक्रम में कहा कि किसी भी देश और प्रदेश के भविष्य युवा ही होते है। मुख्यमंत्री ने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा?कि युवाओं की आंखों में सपने, भुजाओं में ताकत और पैरों में गति होती है। उन्होंने कहा कि युवाओं की प्रतिभा और उनके कौशल को प्रदेश के विकास में पूरी तरह से उपयोग करने के साथ युवाओं के सपनों को साकार करने के लिये अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं से युवा शक्ति को आत्म-निर्भर बनाने के साथ राज्य को समृद्ध करने का अभियान भी चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार शक्तिशाली बन रहा है। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा की चिंता करने की दृष्टि से आज अमेरिका और इजराइल के बाद विश्व की तीसरी शक्ति बन गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने युवाओं और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिये विभिन्न पहल की हैं। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई भी देश मातृ शक्ति के सशक्तिकरण से ही आगे बढ़ता है। यह हमारा सौभाग्य है कि पूरे विश्व में एकमात्र भारत ही ऐसा देश है जहां देश को माता की संज्ञा दी जाती है, इसीलिये हम बड़े गर्व से भारत माता का जयकारा लगाते है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से रू-ब-रू होते हुए उनके प्रत्येक प्रश्न का न केवल उत्तर दिया बल्कि मार्गदर्शक की भूमिका भी निभाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से आहवान किया कि वे लोकतंत्र में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। सदैव याद रखें, वे ही भारत के असली भाग्यविधाता है। छात्रा श्रद्धा के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह सिर्फ भारत में ही संभव है जहां राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसे दो सर्वोच्च पदों पर महिलाएं आसीन हो सकीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जहां एक ओर महिलाओं को आत्म-निर्भर बनाने अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

## भारत और श्रीलंका में रक्षा-ऊर्जा समेत कई समझौते

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भारत के दौरे पर हैं। राजकीय यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में दिसानायके का स्वागत किया। इस मौके पर दोनों देशों ने समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया।

विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत-श्रीलंका साझेदारी में एक नया मील का पत्थर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के नेतृत्व में भारत और श्रीलंका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच व्यापक विचार-विमर्श हुआ। दोनों पक्षों ने व्यापक भारत-श्रीलंका साझेदारी की समीक्षा की और दोनों देशों के साथ-साथ क्षेत्र के पारस्परिक लाभ के लिए संबंधों को गहरा करने के रोडमैप पर सहमति व्यक्त की।

इसके बाद, पीएम मोदी और दिसानायके ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने कहा, भारत ने सार्वजनिक सेवाओं को डिजिटल बनाने में जबरदस्त सफलता हासिल की है। श्रीलंका भी उसी मार्ग पर चल रहा है। पीएम मोदी ने मुझे इस कोशिश में समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

### पीएम मोदी बोले- सुरक्षा हित आपस में जुड़े



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं राष्ट्रपति दिसानायके का भारत में स्वागत करता हूं। हमें खुशी है कि राष्ट्रपति के रूप में आपने अपनी पहली विदेश राजकीय यात्रा के लिए भारत को चुना है। आज की यात्रा से हमारे संबंधों में नई गति और ऊर्जा का संचार हो रहा है। हमारी साझेदारी के लिए हमने एक भविष्योन्मुखी दृष्टि अपनाई है। हमारे आर्थिक सहयोग में, हमने निवेश-आधारित विकास और कनेक्टिविटी पर बल दिया है। हमने तय किया है कि भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी हमारी साझेदारी के महत्वपूर्ण स्तंभ होंगे। बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी और मल्टी पेट्रोलियम पाइपलाइन के लिए काम किया जाएगा।

उन्होंने कहा, जब पाली भाषा को भारत में शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया था, तो इसे श्रीलंका में भी मनाया गया था। फेरी सेवा और चेन्नई-जाफना उड़ान संपर्क ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत किया है। हमने फैसला किया है कि नागपट्टिनम और कांकेसंथुरई फेरी सेवाओं की सफल शुरुआत के बाद अब भारत में रामेश्वरम से तलाईमन्नार के बीच फेरी सेवा शुरू की जाएगी।

## विकास और राष्ट्रवाद को संविधान की प्रस्तावना के जरिए से देखा जाना चाहिए : उपराष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को कहा कि विकास, राष्ट्रवाद, सुरक्षा, लोगों का कल्याण और सकारात्मक सरकारी योजनाओं को केवल संविधान की प्रस्तावना के नजरिए से देखा जाना चाहिए।

सातवें रक्षा संपदा दिवस के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने मंच पर अपनी स्थिति का भी जिक्र किया, जहां उनके साथ उनकी दाहिनी ओर रक्षा क्षेत्र के महानिदेशक और बाईं ओर पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव मौजूद थे। उन्होंने कहा, जब मैं यहां (मंच) केंद्रीय सीट पर बैठा तो मुझे राज्यसभा के सभापति के रूप में अपनी स्थिति की याद आ गई। जब मैं (राज्यसभा में) पीठासीन होता हूं तो मेरे दाहिनी ओर सरकार होती है और बाईं ओर विपक्ष होता है। उपराष्ट्रपति ने विपक्ष की ओर इशारा करते हुए कहा, यहां दाईं ओर रक्षा संपदा के महानिदेशक हैं। मुझे यकीन है, मुझे उनसे कोई समस्या नहीं है और सौभाग्य से मेरे बाईं ओर पूर्व सैनिक कल्याण विभाग के सचिव हैं, जो रचनात्मक, दिशात्मक, प्रेरक और हमेशा मददगार हैं। धनखड़ ने कहा, मैं आज संसद के उच्च सदन में यह संदेश लेकर जा रहा हूं, जहां हम संविधान पर बहस शुरू करने वाले हैं। हम 26 नवंबर 1949 को भारत के संविधान को अपनाने के शताब्दी के अंतिम चौथाई भाग में प्रवेश कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वह वास्तव में लोगों के आभारी हैं कि उन्होंने सुनिश्चित किया कि उनका दिन आशा और आशावाद के साथ शुरू हो।

## एक देश-एक चुनाव के खिलाफ मुख्यमंत्री स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन भी एक देश एक चुनाव विधेयक के विरोध में उतर आए हैं। उन्होंने सोमवार को विधेयक के विरोध में सभी लोकतांत्रिक ताकतों और राजनीतिक दलों से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव सुधार की आड़ में लाए गए कानून के खिलाफ पूरी ताकत से लड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत की विविधता और संविधान को बचाने की पहल की जाए। सीएम स्टालिन ने दावा किया कि इस विधेयक से भारत की राजनीति के बदलने का खतरा है।

## बदलते परिदृश्य के बीच विदेश नीति में बदलाव की जरूरत : जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि बदलते परिदृश्य को देखते हुए विकसित भारत के लिए एक विदेश नीति होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जब हम विदेश नीति में बदलाव की बात करते हैं, तो इसे नेहरू के बाद की राजनीति पर हमला नहीं समझना चाहिए।

इंडियाज वर्ल्ड मैगजीन के लॉन्च के मौके पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि भारत अब दुनिया में एक परिणाम देने वाला खिलाड़ी बनता जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय




में विदेशों में काम करने वाले भारतीयों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ने वाली है और हम एक गतिशीलता का अनुभव करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य की विदेश नीति के लिए मेरा मानना है कि सोच बड़ी, लंबी और स्मार्ट होनी चाहिए। कार्यक्रम में, उन्होंने विदेश नीति के विशेषज्ञ सी राजा मोहन के साथ एक छोटी सी चर्चा भी की, जो उस पत्रिका के संपादकीय बोर्ड के अध्यक्ष हैं। अपने संबोधन में, जयशंकर ने कहा कि भारत आने वाली पीढ़ी के लिए योजनाएं बना रहा है और साथ ही अपने प्रभाव को धीरे-धीरे बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हम दुनिया को ज्यादा ध्यान से और समझदारी से देखें, तो हम एक बहु-पीढ़ी वाली विदेश नीति बना सकते हैं, जो कि सभी जोखिमों और चिंताओं से बाहर होगी।

## शेख हसीना ने मुहम्मद यूनुस पर बोला तीखा हमला

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने रविवार को अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस पर एक और तीखा हमला बोला। हसीना ने यूनुस पर आरोप लगाया कि वह एक अलोकतांत्रिक समूह का नेतृत्व कर रहे हैं, जो लोगों के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं निभा रहा है।

बिजॉय दिबोश की पूर्व संध्या पर एक बयान में, अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना ने यूनुस को फासीवादी बताते हुए आरोप लगाया कि उनके नेतृत्व वाली सरकार का मुख्य उद्देश्य मुक्ति संग्राम की भावना और मुक्ति समर्थक ताकतों को दबाना है।

## संसद में फलस्तीन लिखा बैग लेकर पहुंचीं प्रियंका गांधी

### बीजेपी बोली- तुष्टीकरण परिवार का इतिहास

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को संसद में एक बैग लेकर पहुंचीं, जिस पर फलस्तीन लिखा हुआ था, जो संघर्ष प्रभावित क्षेत्र के लोगों के समर्थन में एक इशारा है। प्रियंका गांधी वाड्रा के हैंडबैग पर फलस्तीन शब्द और फलस्तीनी प्रतीक दिखाई दिए, जिसमें एक तरबूज की भी तस्वीर दिखी - जिसे फलस्तीनी एकजुटता के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने वाड्रा की एक तस्वीर साझा की, जिसमें वे अपना बैग दिखा रही हैं और कहा, प्रियंका गांधी अपने समर्थन का प्रतीक एक विशेष बैग लेकर फलस्तीन के साथ अपनी एकजुटता दिखाती हैं। करुणा, न्याय और मानवता के प्रति प्रतिबद्धता का इशारा! उनका स्पष्ट मानना है कि कोई भी जिनेवा कन्वेंशन का उल्लंघन नहीं कर सकता।

## विकसित भारत के लिए सांस्कृतिक पुनर्जागरण जरूरी : राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हर राजनीतिक और राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक सामाजिक और सांस्कृतिक धरातल तैयार करना पड़ता है। इसलिए अगर हमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हासिल करना है तो हमें देश में फिर से सांस्कृतिक पुनर्जागरण का वातावरण तैयार करना होगा।

रक्षा मंत्री रविवार को यहां भारत मंडपम में आर्य समाज के 150वें स्थापना वर्ष के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित



कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भारत की आजादी का अमृतकाल चल रहा है। यह संयोग है कि आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। जिस तरह स्वामीजी ने एक जागरूक सांस्कृतिक भारत की कल्पना की थी, उसी तरह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। हमारा मानना है इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमें सांस्कृतिक जागरूकता का माहौल बनाने की जरूरत है। रक्षा मंत्री ने कहा कि गुजरात की धरती पर जब स्वामीजी का जन्म हुआ था तब देश अंग्रेजों की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। अंग्रेजी शासक भारत और भारतीय संस्कृति को दोयम दर्जे का बता कर उसका सार्वजनिक रूप से उपहास उड़ाते थे। स्वामी दयानंद सरस्वती ने भारत की सोई चेतना को जगाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि उनका प्रभाव अंग्रेजी शासन से लड़ने वाले लाला लाजपत राय, राम प्रसाद बिस्मिल, स्वामी श्रद्धानंद जैसे कई महापुरुषों पर पड़ा। स्वातंत्र्य वीर सावरकर ने उनकी भूमिका और योगदान के बारे में लिखा है कि स्वामीजी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के पहले योद्धा थे। उन्होंने ही सबसे पहले स्वराज की मांग की थी। रक्षा मंत्री ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने ही सबसे पहले स्वराज की मांग की थी।

## मप्र विधानसभा में खाद संकट पर हंगामा, विपक्ष का वॉकआउट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को कांग्रेस ने खाद संकट को लेकर सरकार पर चर्चा नहीं कराने के आरोप लगा कर सदन से वॉकआउट कर दिया। शून्यकाल में नेता प्रतिपपक्ष उमंग सिंघार ने खाद संकट पर चर्चा कराने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सरकार इस मुद्दे पर चर्चा नहीं कराना चाहती। इस बीच, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बांग्लादेश के उदय के लिए आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए पाक सैनिकों के भारतीय सेना के सामने सरेंडर करने की बात कही। इस पर विपक्ष ने खाद संकट के मुद्दे को भटकाने का आरोप लगा कर शोर शराबा शुरू कर दिया, इसके बाद सदन से वॉक आउट कर दिया। वहीं, कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने सदन में गलत जानकारी देने का मुद्दा उठाया। विधानसभा के शून्यकाल में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने खाद का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में खाद नहीं मिलने के कारण किसान परेशान है।

## महाराष्ट्र में फिर ईवीएम पर संग्राम

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान भवन की सीढ़ियों पर विपक्ष के नेताओं ने सोमवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने चुनाव में ईवीएम के इस्तेमाल पर नारे भी लगाए। यह विरोध प्रदर्शन नागपुर में विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के उद्घाटन के दिन आयोजित किया गया था। राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे इस प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने प्रदर्शन में संविधान और लोकतंत्र को बचाने का आह्वान किया और ईवीएम के इस्तेमाल का विरोध किया। प्रदर्शन के दौरान विपक्षी पार्टियों के नेताओं ईवीएम हटाओ देश बचाओ, ईवीएम हटाओ संविधान बचाओ और ईवीएम हटाओ लोकतंत्र बचाओ के नारे भी लगाए।

## सुको ने युवाओं को चेताया- नशे का महिमामंडन बंद हो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश के युवाओं में बढ़ रही नशे की लत पर गहरी चिंता जाहिर की और युवाओं को चेताते हुए कहा कि ड्रग्स लेना बिल्कुल भी कूल नहीं है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने ड्रग्स तस्करी के आरोपी अंकुश विपन कपूर के खिलाफ एनआईए जांच की मंजूरी देते हुए उक्त टिप्पणी की। अंकुश पर आरोप है कि वह पाकिस्तान से समुद्र के रास्ते भारत में होने वाली हेरोइन तस्करी में शामिल है। जस्टिस नागरत्ना ने चेतावनी देते हुए कहा कि ड्रग्स इस्तेमाल के सामाजिक और आर्थिक खतरों के साथ ही मानसिक खतरे भी हैं। इससे देश के युवा वर्ग की चमक खो सकती है। पीठ ने युवाओं में बढ़ रही नशे की लत के खिलाफ तुरंत सामूहिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अदालत ने माता-पिता, समाज और सरकारों से मिलकर इस समस्या के खिलाफ लड़ने को कहा।

देश के युवाओं में नशे की लत तेजी से बढ़ी है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने गहरी चिंता जाहिर की। पीठ ने कहा कि ड्रग्स का असर उम्र, जाति और धर्म से परे हैं और इसके पूरे समाज और व्यवस्था पर गंभीर परिणाम होते हैं।

## विधानसभा घेरने जा रहे कांग्रेसी मंच पर गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी लगातार प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करती नजर आ रही है 1 साल पूरे होने पर सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप कांग्रेस नेता लगा रहे हैं। सोमवार को विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने विधानसभा के घेराव का ऐलान किया था। इसके लिए बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता राजधानी के जवाहर चौक में जुटे। कांग्रेस नेताओं ने यहां सभा की। हालांकि यहां से विधानसभा घेराव के लिए नहीं जा सके। सभा के बाद कांग्रेस नेताओं ने मंच पर ही गिरफ्तारी दी। यहीं से उन्हें रिहा भी कर दिया गया।



पुलिस की ओर से कहा गया कि विधानसभा सत्र चल रहा है, धारा 144 लागू है। ऐसे में विधानसभा की ओर जाना निषेध है। जिसके बाद कांग्रेस नेताओं ने मंच पर ही गिरफ्तारी दी इससे पहले सुबह करीब 11 बजे पार्टी विधायक पीसीसी के सामने शिवाजी चौराहे पर इकट्ठा हुए। वे यहां से ट्रैक्टर रैली के जरिए विधानसभा जाना चाह रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें शिवाजी नगर चौराहे के पास ही रोक लिया। कार्यकर्ता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमलनाथ ने कहा कि कार्यकर्ताओं को निराश होने की जरूरत नहीं है अपना भी टाइम आएगा। वहीं पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सभी नेताओं को आश्वासन देते हुए कहा कि सभी का सम्मान करुंगा। और सरकार को जमकर घेरा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी कहा कि किसानों को खाद नहीं मिल रही है मुख्यमंत्री अमेरिका में डायनासोर के अंडे देख रहे हैं। खास बात यह रही कि कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता एक साथ मंच पर दिखे। सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता निराश ना हो अपना भी टाइम आएगा। उन्होंने कहा कि आज बड़े दुख के साथ मुझे कहना पड़ता है कि मध्यप्रदेश की पहचान घोटाला प्रदेश की है। नौजवानों के रोजगार में घोटाला। किसानों के बीज-खाद में घोटाला। जहां देखो घोटाला-घोटाला। वहीं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा के मनोज परमार और उनकी पत्नी नेहा ने बीजेपी, ईडी के दबाव में आत्महत्या कर ली। बीजेपी के लोग उनके बच्चों को लेकर तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। मैं कल अपनी पार्टी के तमाम साथियों से मदद लेकर एक बड़ी गुल्लक उन बच्चों को देने जाऊंगा ताकि उन्हें पढ़ाई के लिए भविष्य में तकलीफ न हो। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा ने संबोधित करते कहा कि सरकार को बने हुए एक साल के ऊपर हो गया है। आधी आबादी यानी महिलाओं से सुरक्षा का वादा था। एक साल में कितनी बहनें सुरक्षित हुईं? रीवा में इनको जिंदा गाड़ने की हिम्मत दबंगों ने दिखाई है।

# बीजेपी में महिला नेत्री दरकिनार, 19 मंडल अध्यक्ष में सिर्फ एक को तरजीह

## बरगवां-जयंत होल्ड, कुछ घंटों में निवास मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति भी हो गई निरस्त



**सिंगरौली।** महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले बराबरी की भागीदारी देने की वकालत करने वाली भाजपा में संगठन चुनाव में महिला शक्ति को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया। हाल ही में भाजपा ने 19 मंडल अध्यक्षों का ऐलान किया है। जिसमें से सिर्फ एक महिला मंडल अध्यक्ष को चुका है। महिलाओं को पद देने में इतनी कंजूसी सवाल खड़े कर रहे है, पार्टी के

अंदर ही महिला नेता ने अभी भले ही खुलकर सामने नहीं आई है लेकिन अंदर खाने में नाराजगी बताई जा रही है। यह सूची भाजपा के निर्वाचन अधिकारी शशांक श्रीवास्तव और जिला पर्यवेक्षक रामलाल रोतेला के अनुमोदन के बाद जारी हुई।

दरअसल भाजपा ने रविवार की देर रात मंडल अध्यक्षों की घोषणा की लेकिन इनमें से केवल एक पद महिला को मिल पाया है। इसके पीछे कहा जा रहा है कि मंडल अध्यक्ष का फैसला दावेदारी देखते हुए रायशुमारी के बाद किया गया है, और रायशुमारी में महिला नेता का नाम सामने नहीं आया। इसका मतलब है कि जिला संगठनों में पुरुषों का दबदबा है और महिला का नाम आगे नहीं बढ़ाया गया। जबकि अधिकतर क्षेत्रों में कई महिला नेत्रियां बड़े स्तर पर राजनीति करती हैं और सक्रिय रहती हैं, लेकिन पार्टी से पद लेने में सफल नहीं हो पायी। भाजपा जिला अध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता ने कहा कि भाजपा हमेशा से ही महिलाओं का सम्मान करती है बल्कि उनके प्रतिनिधित्व को भी आगे बढ़ाया है। रही बात मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति तो मंडल अध्यक्ष पद पर रहने वाले को रात दिन काम करना पड़ता है। अभी एक महिला शक्ति को मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अभी बरगवां, जयंत और निवास मंडल में नियुक्ति होनी है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा कराई गई रायशुमारी में यदि महिलाओं का नाम आता है तो उन्हें बिल्कुल जगह मिल सकती है। भाजपा महिला शक्ति की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में हमेशा आगे रही है।

### रस्साकसी के बीच जारी हुई लिस्ट

21 मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की रस्साकसी में सिर्फ 19 मंडल अध्यक्षों की सूची भाजपा ने जारी की है। हालांकि मंडल अध्यक्षों की सूची जारी होने के कुछ घंटे के भीतर ही निवास मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति निरस्त कर दी गई। जबकि जयंत और बरगवां मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर अभी भी असमंजस बरकरार है।

### महिला मोर्चा में नाराजगी की सुगबुगाहट

भाजपा मंडल अध्यक्षों की जारी सूची में सिर्फ एक महिला को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। रजमिलन मंडल से श्रीमती सुनीता पांडे को महिला अध्यक्ष बनाया गया है। इसके बाद से भाजपा महिला मोर्चा सहित महिलाओं में दबी जुबान में ही सही लेकिन नाराजगी सामने आने लगी है।भाजपा संगठन के इस कदम से पार्टी का महिला मोर्चा भले ही कोई प्रतिक्रिया देने से बच रही हैं लेकिन पार्टी के फैसले से नाराज है। बताया जा रहा है संगठन की अगली बैठक में महिला मोर्चा संगठन चुनाव में महिलाओं को दरकिनार किए जाने की बात सामने आएगी।

### विधायकों की चली

इस बार मंडल अध्यक्षों की सूची में विधायकों का प्रभाव स्पष्ट रूप से नजर आया, जबकि पर्यवेक्षक रामलाल रोतेला ने पहले ही कहा था कि चुनाव संगठन की प्रक्रिया के तहत होंगे और विधायकों की सिफारिशों पर मंडल अध्यक्ष नहीं चुने जाएंगे। बावजूद इसके, जारी सूची में विधायकों का दबदबा साफ दिख रहा है। आने वाले चुनावों में इन मंडल अध्यक्षों और उनकी टीमों की भूमिका को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलना और विधायकों का बढ़ता प्रभाव पार्टी के संगठनात्मक संतुलन और पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर रहा है।

# विधायक एवं कलेक्टर ने सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

## एक साल में प्रदेश ने विकास और कल्याण के नये आयाम स्थापित किये है : विधायक



**सिंगरौली।** सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा कलेक्टर कार्यालय परिसर में प्रदेश सरकार की एक वर्ष की प्रगति और उपलब्धियों पर आधारित जनसम्पर्क विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। इस अवसर विधायक सिंगरौली रामनिवास शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में 13 दिसम्बर को प्रदेश सरकार के एक साल पूरे हो गये हैं। इस एक साल में प्रदेश ने विकास और कल्याण के नये आयाम स्थापित किये हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, उद्योग, कृषि, सिंचाई, महिला एवं बाल विकास सहित अनेक क्षेत्रों की प्रगति और उपलब्धियों को इस प्रदर्शन के माध्यम से दिखाया गया है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विकास को लेकर जो नित नये आयम कायम कर रही है वे अपने आप में सुखद अनुभूति देते है। वही कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरा होने पर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए जन हितैषी कार्यो तथा निर्णयों की जानकारी देने हेतु छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी के माध्यम से सहज एवं सरल शब्दों तथा चित्रों के माध्यम से उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है जिससे आम जन मानस शासन की योजनाओ से अवगत हो सके तथा उसका लाभ उठा सके । इसके साथ जिले के विकास खण्ड में भी छाया चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से आम जन मानस को शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में अवगत कराया जा रहा है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा वरिष्ट समाजसेवी गण सहित आम जन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने नवम्बर माह में सेवानिवृत्त हुये 6 शासकीय सेवकों को पीपीओं जारी कर दी विदाई



**सिंगरौली।**कलेक्टमर चन्द्रशेंखर शुक्ला के उपस्थिति में नवम्बर 2024 में सेवानिवृत हुयें 6 शासकीय सेवकों का विदाई सम्मानन समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टार श्री शुक्ला द्वारा सेवानिवृत्तल हुए शासकीय सेवकों को शाल श्रीफल एवं पीपीओं भेंट कर भावभीनी विदाई गई। सम्माकन समारोह में कलेक्टवर श्री शुक्ला ने कहा कि सेवानिवृत्त शासकीयकर्मी आने वाले दूसरे पड़ाव के अमूल्य् क्षण अपने परिवार एवं समाज की सेवा में दें। उन्हों ने कहा कि सकारात्मसक सोच के साथ प्रसन्नचित होकर समाज की भलाई के काम करें। साथ ही अपने स्वांस्क्‍ा एवं शरीर पर विशेष ध्यारन दें। उन्हों ने सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को उज्ज वल भविष्यक के लिए शुभकामनाएं दी। उल्ले खनीय है माह नवम्बर में सेवानिवृत हुयें त्रिभुवन सिंह गोड़, कृष्णा दुबे बीईओ सिंगरौली, मंन्जू शर्मा बीईओ चितरंगी, अगस्तमुनि दुबे बीईओ बैढ़न, शिववंती गुरू महिला वाल विभाग तथा राघवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी गर्ल कालेज बैढ़न को शाल श्रीफल एवं पीपीओ भेट कर विदाई दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, जिला कोषालय अधिकारी श्रीकांत त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर में शत प्रतिशत हितग्राहियों को कराये लाभान्वित: कलेक्टर

सिंगरौली



मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत केन्द्र एवं प्रदेश सरकार के हितग्राही मूलक योजनाओं से छूटे पात्र हितग्राहियों को शिविर के दौरान लाभान्वित कराया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा समय सीमा बैठक के दौरान आयोजित की जाने वाली शिविर के प्रगति की जानकारी लेने के पश्चात जिलाधिकारियों को निर्देश दियें कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जो भी योजनाएं संचालित है वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित कराये।

कलेक्टर ने निर्देश दियें कि शिविर में ही अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, आयुष्मान भारत योजना के साथ साथ दिव्यांग छात्रवृत्ति, नि:शक्त जन पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, वृद्ध अवस्था पेंशन योजना, संबल योजना के लाभ से हितग्राहियों को लाभान्वित कराये। साथ ही राजस्व विभाग से संबंधित जो भी योजनाएं है इसका भी लाभ हितग्राहियों को दिया जाना सुनिश्चित करे। इसके अलावा भी लोक सेवा गारंटी के तहत जो भी योजनाएं है उनका भी लाभ दिया जाना सुनिश्चित करे। वही शिविर के प्रति दिवस के प्रगति की जानकारी नोडल अधिकारी को दिया जाना सुनिश्चित करेगे। संबंधित ग्राम का कोई भी व्यक्ति जो पात्र हितग्राही हो योजना के लाभ से लाभान्वित कराये। इस शिविर का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराये ताकि आम जन मानस को इसका लाभ मिल सके।कलेक्टर ने समाधान में चिन्हित विंदुओं के प्रकरणों के निराकरण की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दियें कि लंबित प्रकरणो का निर्धारित समय के अनुसार संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाना सुनिश्चित करे। वही सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतों के निराकरण की प्रगति की जानकारी ली गई। तथा निर्देश दियें गये कि दो दिवस के अंदर लक्ष्य के अनुरूप शिकायतों का निराकरण करे ताकि जिलें की रैकिंग पूर्व के भाति बनी रहे। बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेंय, एसडीएम सृजन बर्मा, राजेश शुक्ला, नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा, तहसीलदार रमेश कोल, प्रीति सिकरवार, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर, एसडीओ वन विभाग एन.के त्रिपाठी सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क पर बह रहा गंदा पानी, राहगीर परेशान

## नगर परिषद सरई व्यवस्था बनाने में हो रही नाकाम



**सिंगरौली।** सरई में राहगीरों के लिए सड़क तो बन गई है लेकिन देखरेख के अभाव में सड़क की दशा बिगड़ती जा रही है। पिछले कई वर्षों से कई मार्गों पर पानी बह रहा है। इस वजह से मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही है। नाली निकासी की व्यवस्था नहीं होने से घर का पानी बाहर मुख्य मार्गों पर बह रहा है। जिससे आए दिन रोड खराब होती जा रही है। नाली निकासी मार्ग की मांग लोगों ने की है लेकिन अब तक इस ओर पहल नहीं हो पाई है। जागरुकता के अभाव में लोग अपने घर के पानी को सड़क पर ही बहा रहे हैं।वहीं कुछ लोग नाली नहीं होने की बात कहते हुए मजबूरी में सड़क पर पानी बहाने की बात कह रहे हैं। सड़क पर पानी भरे रहने से गंदगी बढ़ती जा रही है। सफर करने में परेशानी होती है। यहां से गुजरते समय कई बार लोगों के कपड़े भी खराब हो जाते हैं।सरई में नालियों की सफाई नही की जाती है। कई मार्गो में लोग घरों का पानी सड़क पर छोड़ देते हैं। जिससे राहगीरों को परेशानी होती है। साथ ही सड़क भी खराब होती है। सरई मेन बाजार,रेलवे रोड, रेलवे तिराहा, सरई झुरही रोड,बैढ़न मार्ग लगभग सरई के सभी मार्गों में गंदा और दूषित पानी सड़कों में बह रहा है।

सरई में गंदगी का आलम है। इन दिनों पानी जाम होने से राहगीरों को आवागमन करने में परेशानी हो रही है। मार्ग के किनारे गड्ढा खोदा गया है। जिसे अब तक नहीं ढंका गया है। इस वजह से दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। वहीं शुभकरण जायसवाल ने बताया कि मार्ग में निकासी मार्ग नहीं होने से पानी जाम हो रहा है। जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। नगर परिषद सरई के जिम्मेदार प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

# म्यार नदी से रेत की चोरी कर रहे ट्रैक्टर जप्त

## सासन चौकी पुलिस की कार्यवाही

**सिंगरौली।** सासन चौकी पुलिस ने ग्राम काम तिराहा पर घेराबन्दी कर एक ट्रैक्टर को दबोच लिया और उसके कब्जे से रेत से भरे ट्रैक्टर को जप्त कर अज्ञात चालक के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध की है। यह कार्रवाई चौकी प्रभारी प्रियंका मिश्रा के देखरेख में की गई।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसपी ने अवैध रेत परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत 15 दिसम्बर को चौकी सासन पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि ग्राम काम के म्यार नदी से एक व्यक्ति बिना नम्बर का ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत लेकर ग्राम पिंपरा तरफ जा रहा है । जहा सासन चौकी पुलिस ने स्टाफ के साथ ग्राम काम तिराहा पहुँच कर रेड कार्यवाही करने की तैयारी कर रही थी तभी ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ कर भाग खड़ा हुआ। पुलिस ने ट्रैक्टर और रेता को जप्त कर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध धारा 303(2) 31725 बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधिनियम 1952 के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्रवाई में सउनि विनय अग्निहोत्री, प्रआर अरविन्द सिंह, अमित जायसवाल, आर मुलेन्द्र मिश्रा, राज कुमार शाक्य का सराहनीय योगदान रहा।

# लोकसभा स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट की दूसरे दिन पहली पारी मे सरई तो दूसरी मे शिवगढ़ वना विजेता



**सिंगरौली।** धौहनी विधानसभा के शिवगढ़,नगर परिषद सरई के जवाहर बाग स्टेडियम मे आयोजित किया गया शिवगढ़ प्रीमियम लीग दवारा आयोजित लोकसभा स्तरीय टी-20 किक्रेट टूर्नामेंट सन 2024-25 आठवा सीजन का बीते 15 दिसम्बर से शुरूआत किया गया। जिसमे आज दूसरे दिन पहली पारी सरई और पठारीदह के बीच हुआ। जिसमे सरई टीम ने जीत दर्ज कराया। वही दूसरी पारी मे शिवगढ़ और दूधमानियां के बीच हुआ। जिसमे शिवगढ़ टीम विजय प्राप्त किया टी-20 किक्रेट टूर्नामेंट का शुरूआत कराया कर गया। जिसमे मुख्य रूप सुनील जायसवाल राष्ट्रीय अध्यक्ष ओबीसी महासंघ, महिपाल सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य (पार्षद प्रतिनिधि) व लालता प्रसाद पूर्व सांसद प्रत्याशी सीधी, प्रशान्त, राजकुमार, वीरू, विमल, पारसनाथ, सुदीश समेत सैकड़ो दर्शक मौजूद रहे। वही लालता प्रसाद ने खिलाड़ियों आयोजकों की सराहना करते हुए कहा ऐसे आयोजन न केवल खेल को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं को अपनी क्षमता को पहचानने और निखारने का अवसर भी प्रदान करते हैं।

# विजय दिवस पर मुख्य चौराहो में जिला पुलिस बल बैंड दल ने देशभक्ति गीतों की दी भव्य प्रस्तुति

## पुलिस बैंड द्वारा शहीदो को देशभक्ति धुनो से दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नें प्रदेश के समस्त जिलों को निर्देश दिये थे कि 16 दिसम्बर को मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व एंव विजय दिवस के अवसर पर बैण्ड दल का प्रदर्शन किया जाये। प्रदर्शन ऐसे स्थान पर आयोजित किया जाये जहां आमजन भी इस कार्यक्रम में सम्मिल हो सकें।इसी अनुक्रम में आज सोमवार को मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व एवं विजय दिवस के अवसर पर दोपहर 3 बजे बैंड दल द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत गीतों की प्रस्तुति आयोजित की गई।पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा जिला सिंगरौली के मार्गदर्शन में सिंगरौली पुलिस बैंड ने माजन मोड़, ट्रॉफिक तिराहा, अंबेडकर चौक पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। राष्ट्रगीतों से सुसज्जित इस कार्यक्रम में आम जनता के साथ-साथ जिले के गणमान्य नागरिक, पत्रकारगण तथा पुलिस अधिकारीगण शामिल हुए। सिंगरौली पुलिस बैंड द्वारा दी गई प्रस्तुति ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और पूरे वातावरण में देशभक्ति की भावना भर दी।उक्त कार्यक्रम में बाजार संघ अध्यक्ष राजाराम केसरी, डॉक्टर डीके मिश्रा, अर्जुन गुप्ता, हरिदास गुप्ता, सीमा जयसवाल, मिथिलेश मिश्रा, शंकर वाहेगुरु होटल, इरफ़ान सिद्दीकी, अजय जायसवाल, अभिलाष जैन, नीरज करवाल एवं रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, सूबेदार आशीष तिवारी व पुलिस बल उपस्थित रहे।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यॉंत्रिकीय विभाग खण्ड सीधी(म0प्र0)

सम्राट चौराहा के पास, ई-मेल eephedsid@nic.in फोन नम्बर 07822-292508

निविदा सू0क0 08/नि.प्र./व.ले.लि./का0य0/लो0स्वा0यां0वि0/24-25 सीधी दिनांक 11.12.2024

निम्न कार्यो हेतु निविदा का आनलाईन बेबसाइड http//mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। आनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.12.2024 सायं 5:30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 28.12..2024 को 11:00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति उपरोक्त बेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of work- Out sourcing of Computer Operator, lab chemist, lab assistant and Security Guard for 12 months to the PHE Division/Sub Division/ - District Sidhi

| S. N. | Tender ID | Block | Sidhi District | PAC(Rs. in Lakh) | E-EMD in Rs | Cost of Tender | NO.Of Calls |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE_PHED_387618_1 | सीधी | सीधी | 19.99 | 40000 | 2000 | First Call |

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग
खण्ड सीधी ( म.प्र. )

जी-20321/24

# बोर्ड परीक्षाः कोर्स पूरा करने हेतु लगेगी अतिरिक्त कक्षाएं

## 100 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु शिक्षकों का आयोजित हुआ प्रशिक्षण



**सीधी।** जिले के शासकीय हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों का परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। इस साल 10 वीं में बेस्ट ऑफ फाइव पॉलिसी को समाप्त कर दिया गया है। पहले 6 मे से 5 विषय में पास होने पर उत्तीर्ण मान लिया जाता था लेकिन अब ऐसा नही होगा और सभी 6 विषय पास करने पर ही उत्तीर्ण माना जाएगा। विद्यार्थियों के कमजोर विषय के साथ शिक्षकों पर भी विशेष फोकस किया जा रहा है। समस्त विषय के शिक्षकों को प्रतिमाह एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

एपीसी रमसा डॉ सुजीत मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार 15 दिसम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय सीधी में कक्षा 9वीं एवं 10वीं पढ़ाने वाले हिन्दी विषय के 140, अंग्रेजी विषय के 120, संस्कृत विषय के 90, गणित विषय के 130, विज्ञान के 103, सामाजिक विज्ञान के 115, कुल 800 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

ट्रेनिंग में अध्यापकों को अध्यापन की नई-नई तकनीक बताई गई। इस प्रशिक्षण में पिछले माह पढ़ाए अध्याय एवं पढ़ाने में आई समस्याओं का निराकरण किया गया। दिसम्बर माह में पढ़ाए जाने वाले अध्याय में विशेष रूप से कठिन कॉन्सेप्ट को चिन्हित कर उन्हें सरल रूप में गतिविधियों के रूप में कैसें प्रस्तुत किया जा सकता है, यह बताया गया। विद्यार्थियों को विषय अच्छी तरह से समझाने के लिए अध्यापन की विधियों का प्रयोग करना भी बताया गया ताकि स्टूडेंट्स के मन में कोई कन्फ्यूजन न रहे। 60 मास्टर ट्रेनर द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षकों को टेबलेट का उपयोग करने की भी जानकारी दी गई।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल. मिश्रा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री एस.एन. त्रिपाठी, ए.डी.पी.सी. श्री प्रवीण शुक्ला, डॉ सुजीत कुमार मिश्र एपीसी रमसा द्वारा प्रशिक्षण का अवलोकन किया गया।

# जिले के 40 उपार्जन केंद्रों में उपार्जन का कार्य शुरू

**सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी नागेंद्र सिंह ने जिले के समस्त किसान भाईयो को सूचित किया है कि म.प्र. शासन खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग मंत्रालय के पत्र दिनांक 08.11.2024 के अनुसार जिले में धान उपार्जन का कार्य 40 उपार्जन केन्द्रों में किया जा रहा है। उपार्जन का कार्य 02.12.2024 से 20.01.2025 के मध्य किया जाना है।

उन्होंने बताया कि समस्त किसान जिन्होंने अपने धान की बिक्री अभी तक नहीं की है, जिले के निर्धारित नजदीकी खरीदी केन्द्र में अपना स्लॉट बुक कर अपने धान की बिक्री कर सकते है। जिले में आज दिनांक तक 14514 किसानो द्वारा अपना स्लॉट बुक किया जा चुका है एवं 3264 किसानो द्वारा 18696 मेट्रिक टन धान का विक्रय किया जा चुका है। बिक्रीत किसानो के खाते में धान भुगतान की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

जिले के समस्त उपार्जन केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि किसानों से 40 कि.ग्रा. एवं बारदानों के वजन की मात्रानुसार प्रति बोरी 40.600 कि.ग्रा. की भर्ती करावे एवं उपार्जन केन्द्रो पर किसानो की सुविधा को ध्यान में रखने हुये आवश्यक संसाधन उपलब्ध करावे। उपार्जन केन्द्र प्रभारियों द्वारा लापरवाही किए जाने पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

# शासकीय महाविद्यालय मड़वास में गणित सप्ताह का शुभारंभ



**सीधी।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मड़वास में गणित सप्ताह का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय (अग्रणी) सीधी के प्राचार्य डॉ. पी.के.सिंह उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. गुलशेर अहमद एवं डॉ. दिलीप सोनी शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आई.पी. प्रजापति ने की। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ.दीपक अग्निहोत्री ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. पंकज मिश्रा ने किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ संध्या वर्मा डॉ. कमलेश जायसवाल डॉ राजेश पटेल डॉ रामधारी जायसवाल डॉ अनुराग तिवारी, डॉ सुरेंद्र गुप्ता, प्रो. प्रवीण कुमार डॉ.पूजा गर्ग डॉ संगीता मिश्रा डॉ आकांक्षा मिश्रा डॉ ज्योति रजक डॉ अमिता खरे श्री सुंदर लाल प्रजापति श्री अनिल केवट सहित महाविद्यालय के छात्र/छात्राये उपस्थित थे।

# युवा संगम-रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला 17 दिसंबर को

**सीधी।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र श्रद्धा गोखले ने जानकारी देकर बताया कि संजय गांधी स्मृति शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी पुराना भवन परिसर में दिनांक 17.12.2024 को 11 बजे से युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। युवा संगम में रोजगार मेले के साथ ही स्वरोजगार मेला एवं अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में देश, प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की 15 से 20 कंपनियां भाग ले रही हैं। स्वरोजगार मेले में शासन के विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित स्वरोजगार योजनाओं की भी जानकारी संबंधित विभागों द्वारा प्रदान की जाएगी।

# नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष पार्टी की मजबूती के लिए करें कार्य : शरदेन्दु





**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के महामंत्री एवं चुरहट के पूर्व विधायक शरदेन्दु तिवारी ने जिले के सभी नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। चुरहट विधानसभा के अंतर्गत नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष रजनीश शुक्ला, प्रमोद सिंह, नीरज मिश्रा, हीरा सिंह गौड़, विनोद पटेल, और बुद्ध सेन शाहू भाजपा प्रदेश महामंत्री शरदेन्दु तिवारी से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को मिठाईयां खिलाकर अभिनंदन करते हुए मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्री तिवारी ने कहा कि आप सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार के कार्यक्रमों को जनता जनार्दन तक पहुंचाएं। सत्ता के साथ मिलकर जनता के कल्याण के लिए कार्य करें।

इसके साथ ही पार्टी की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों को अच्छे से लागू करें। रचनात्मक कार्यक्रम और सेवा भावना से जनता के दिल को जीते। नए मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति से पार्टी को और मजबूती प्राप्त होगी और साथ ही कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार होगा। इस दौरान सभी मंडल अध्यक्षों ने प्रदेश महामंत्री श्री तिवारी का माल्यार्पण कर, उनके प्रति आभार व्यापित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अशोक पटेल सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 17 एवं 19 दिसम्बर को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सीधी।** अधीक्षक अभियंता (संचा-संधा) म.प्र. पू.क्षे. वि.वि. कं. लिमि. ने जानकारी देकर बताया है कि 33 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र में मानसून मेन्टीनेन्श एवं टेस्टिंग एण्ड एक्समर कार्य कराने हेतु दिनांक 17.12.2024 एवं 19.12.2024 को सुबह 9 बजे से दोपहर 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेंगे। उन्होने बताया कि दिनांक 17 दिसम्बर को 33 केव्ही कमचढ़, कुसमी एवं मड़वास फीडर से संबंधित सभी गॉव में विद्युत बंद रहेंगी। इसी प्रकार दिनांक 19 दिसम्बर को 33 केव्ही गेरूआ एवं बीछी फीडर से संबंधित सभी गॉव में विद्युत बंद रहेंगी। कार्य की अधिकता होने पर समय को बढ़ाया या घटाया जा सकता है।

# चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर विकासखंड रामपुर नैकिंग में संपन्न



**सीधी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक चुरहट जिला सीधी में विकासखंड स्तरीय निश्शुल्क चिकित्सीय मूल्यांकन सिविर का आयोजन दिनांक 16 दिसंबर को किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष उर्मिला साकेत एवं अध्यक्ष नगर पालिका रामपुर मेकिंग मोनिका गुप्ता विकासखंड के बीआरसी रामपुर प्रकाश जायसवाल सहायक जिला परियोजना समन्वय आईडी जिला शिक्षा केंद्र सीधी रजनीश श्रीवास्तव, राजेश तिवारी एमआरसी बृजेश कुमार त्रिपाठी संदीप कुमार नामदेव अकाउंटेंट शिवदयाल शर्मा बीएससी राजकुमार वर्मा चिकित्सी मूल्यांकन सिविल में 153 दिव्यांग छात्रों द्वारा उपस्थिति दी गई वह 34 उपकरण हेतु चिन्हित किया गया एवं 30 दिव्यांग छात्रों को मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में दूर-दूर से आए हुए विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चे उपकरण हेतु जो चिन्हित किए गए उन छात्रों में छात्रों को श्रवण यंत्र है कैलिपर्स व्हीलचेयर बैसाखी ट्राय साइकिल वह कर स्मार्ट कैन डिवाइस ब्लाइंड स्टिक ब्रेल किट एवं ब्रेल स्लेट चिन्हित किया गया सर्व शिक्षा अभियान के तहत राशि का केंद्र भोपाल के आदेशनुसार एलिमको विशेषज्ञ जबलपुर की टीम द्वारा जिला शिक्षा केंद्र सीधी निर्देशानुसार चिकित्सीय मूल्य का शिविर का आयोजन किया गया। सर्व शिक्षा अभियान के तहत कक्षा 1 से 8 तक के अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया गया था उन्हें बुलाया गया साथ में दिव्यांग बच्चों के जिनके मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बने हुए थे उन बच्चों का यू डीआईडी कार्ड भी बनाया गया। इस सिविर में दिव्यांग बच्चों के साथ-साथ विद्यालय के संस्था प्रमुख शिक्षकों एवं अभिभावकों का भी काफी योगदान रहा और जिसके कारण चिकित्सी मूल्यांकन में दिव्यांग बच्चों की भागीदारी अच्छी हुई इसके लिए बीआरसी प्रकाश जायसवाल द्वारा सभी अभिभावको, शिक्षकों, जन शिक्षकों एवं सभी बीएसी को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया गया।

# दिव्यांगों का चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर कल

**सीधी।** राज शिक्षा केंद्र भोपाल के द्वारा एलिमको जबलपुर के सहयोग से सीधी जिले के विकासखंड सीधी में माध्यमिक शाला खन्नौधा केंद्रीय विद्यालय सीधी के बगल में कल 18 दिसंबर को निशुल्क चिकित्सी मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें सर्व शिक्षा अभियान के तहत कक्षा 1 से 8 तक अध्यनरत सभी दिव्यांग बच्चों का चिकित्सा मूल्यांकन शिविर में एलिमको जबलपुर विशेषज्ञों द्वारा दिव्यांग छात्रों की जांच कर उपकरण हेतु चिन्हित किया जाएगा जिसमें जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ बैठेंगे और मेडिकल प्रमाण पत्र दिव्यांग छात्रों का बनाएंगे इसमें ऐसे सभी दिव्यांग छात्र एवं छात्रों को बुलाया गया है। जिसमें जिनका मेडिकल प्रमाण पत्र बना हुआ है एवं जिनका मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बना हुआ है वह सभी आएंगे तथा जिनका मेडिकल प्रमाण पत्र नहीं बना है उनका मेडिकल प्रमाण पत्र बनाया जाएगा एवं उपकरण हेतु चिन्हित किया जाएगा। अत: सभी संस्था प्रमुख/शिक्षको के माध्यम से सूचित किया गया है एवं पंचायत की सचिवों सरपंच पंच सभी सूचित हों और अपने-अपने क्षेत्र में जो कक्षा 1 से 8वीं तक अध्ययन दिव्यांग छात्र हैं एवं जो दिव्यांग विद्यालय में अध्यनरत नहीं है और 6 से 14 वर्ष की उम्र है वह बच्चों को भी इस शिविर में लाना सुनिश्चित करें। जिससे उनका भी प्रवेश दिलाकर शासन के योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके उन सभी को चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में भिजवाना सुनिश्चित करें या चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर जनपद शिक्षा केंद्र सीधी के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विद्यालय खन्नौधा केंद्रीय विद्यालय के बगल में है। अत: सभी संस्था प्रमुख अपने-अपने विद्यालय से एक शिक्षक की ड्यूटी लगाएं जिससे दिव्यांग बच्चों को सिविर स्तर तक लाने एवं उनको घर तक छोड़ने की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जा सके। इस चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में सभी प्रकार के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को लाना अनिवार्य है। जो कक्षा एक से आठ तक अध्ययन रत्न है यह 14 वर्ष से कम उम्र के हैं यह राज शिक्षा केंद्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केंद्र सीधी का निर्देशानुसार चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया है।

# क्राइस्ट ज्योति स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

**सीधी।** क्राइस्ट ज्योति स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट दो दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें दूसरे दिन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में 4 टीम पहुंची ।जिसमे दूसरे दिन का पहला सेमीफाइनल क्रिकेट मैच क्राइस्ट ज्योति स्कूल और एकलव्य स्कूल के बीच मैच खेला गया जिसमें एकलव्य स्कूल बल्लेबाजी करते हुए 61 रन बनाई और क्राइस्ट ज्योति स्कूल बल्लेबाजी करते 62 रन बना पाई और जीत अपने नाम की और फाइनल में अपना नाम किया ।

# पर्यटन क्षेत्र बनेगा कपुरी तालाब, मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश

## मप्र पर्यटन विकास निगम जल्द करेगा निरीक्षण, पर्यटन मंत्री ने एमपीटी को सौपी जिम्मेदारी

**सीधी।** जिले जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के अन्तर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से ग्राम पंचायत कपुरी कोठार के द्वारा प्राचीन तालाब को पर्यटन के रूप विकास करने और उसे पर्यटन क्षेत्र घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र भाव लोधी ने प्रबंध संचालक मप्र पर्यटन विकास निगम को निर्देश दिये। प्रबंधक संचालक ने कहा कि जल्द ही कपुरी कोठार तालाब में टीम भेज कर वस्तुस्थिति की जानकारी एकत्र कर, उसे पर्यटन स्थल घोषित किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। विगत दिनों सरसी आईलैड में राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने कपुरी कोठार के प्राचीन तालाब सौदर्यीकरण कर पर्यटन के रूप में विकसित किये जाने का फोल्डर सौंप कर मुख्यमंत्री एवं पयर्टन मंत्री से कपुरी कोठार को पर्यटन क्षेत्र घोषित कराने की मांग की और कहा कि रीवा-शहडोल मार्ग के किनारे बना उक्त तालाब पर्यटन स्थल परसिली, संजय टाईगर रिजर्व, चंदरेह, टाईगर सफारी एवं सरसी आइलैंड के काफी करीब है और यहां छत्तीगढ़ व रीवा-शहडोल आने-जाने वाले लोग काफी संख्या में रूकते हैं। लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने प्रबंध संचालक इलाया राजा मप्र पर्यटन विकास निगम से मिलकर कपुरी तालाब के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री एवं पयर्टन मंत्री के निर्देश के बाद उक्त तालाब क्षेत्र पर्यटन के रूप में यदि विकसित किया जाता है तो यह जिले के लिए एक और पर्यटन क्षेत्र की उपलब्धि मिल जायेगी। बता दे कि रीवा संभाग का कपुरी कोठार एकलौता ऐसा तालाब है जो मृत हो चुका था। जिसे तत्कालीन जिला पंचायत सीईओं राहुल थोटे के प्रयासों से जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के मद से न केवल पुर्नजीवित किया गया बल्कि उसका सौदर्यीकरण कर उसे पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# मारपीट के आरोपियों को 01 वर्ष के कठोर कारावास की सजा

**सीधी**

बताया गया कि फरियादी रामायण गौतम निवासी ग्राम रघुनाथपुर डग्गा टोला थाना रामपुर नैकिन ने थाना रामपुर नैकिन में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके चाचा केदारनाथ से उसका जमीनी संबंधी विवाद चल रहा है। दिनांक 10.07.2016 को समय 06:00 बजे फरियादी रामायण गौतम अपने मकान में था तभी केदार गौतम राकेश मिश्रा का टैक्टर लेकर उसके खेत बलई वाले में जोतने जा रहे थे तो वह जाकर मना किया कि वह अपना खेत जोतने नहीं देगा तब केदारनाथ गौतम बोला कि खेत उसका है वह खेत जोतेगा। इतने में रूद्रेशमणि, अन्नपूर्णा लाठी-डंडा लेकर ओ गए तथा बुरी-बुरी गालियां देने लगे और कहने लगे कि ऊपर टैक्टर चढा दो और जान से खत्म कर दो। हल्ला गुहार सुनकर उसकी पत्नी रामवती पतोहू सुचिता मना करने आई तो उनके साथ भी गाली-गुप्तार एवं मारपीट कर भाग गए। उसके बाद 100 नबर को फोन लगाया 100 नंबर की गाड़ी थाना लेकर आई। उसके बाद घटना रिपोर्ट थाना रामपुर नैकिन में अपराध कमाक 262/2016 अंतर्गत धारा 294, 323, 506, 34 भा.दं.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया एवं विवेचना पश्चाणत् अभियोग पत्र माननीय न्योयालय रामपुर नैकिन के समक्ष प्रस्तु.त किया गया, जिसके न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 541/2016 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्री पंकज पारेता के द्वारा आरोपीगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया, जिसके परिणामस्वरूप माननीय न्याजयिक मजिस्ट्रे ट प्रथम श्रेणी रामपुर नैकिन की न्यायालय के द्वारा आरोपीगण 01. केदार गौतम पिता रामदुलारे गौतम, उम्र-58 वर्ष, निवासी ग्राम- रघुनाथपुर, थाना-रामपुर नैकिन, जिला सीधी म.प्र. 02. राकेशमणि मिश्रा पिता प्रभाकर मिश्रा, उम्र-27 वर्ष, 03. रूद्रेशमणि मिश्रा पिता प्रभाकर मिश्रा, उम्र 32 वर्ष, दोनो निवासी ग्राम मझियार, थाना-रामपुर नैकिन, जिला सीधी म.प्र. 04. अन्नपूर्णा प्रसाद अग्निहोत्री पिता सत्यवान अग्निहोत्री, उम्र-40 वर्ष, निवासी ग्राम-ममदर, थाना-रामपुर नैकिन, जिला-सीधी म.प्र. को धारा 325/34, 323/34 दो शीर्ष भादवि के आरोप में प्रत्येगक को 01 -01 वर्ष का कठोर कारावास एवं 300/-, 300/- रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# नाटक नूरमहल में दिखा अभिनय का जादू

## संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से तीन दिवसीय बहुभाषिक नाट्य उत्सव हुआ सम्पन्न



**सीधी।** सीधी में चल रही नि:शुल्क आवासीय प्रस्तुति परक राष्ट्रीय नाट्य कार्यशाला का तीन दिवसीय बहुभाषिक नाट्य उत्सव के साथ भव्य समापन हुआ। नाट्य उत्सव के अन्तिम दिवस सुप्रसिद्ध नाटककार, पटकथा लेखक अशोक मिश्र द्वारा लिखित नाटक नूरमहल का अद्भुत मंचन हुआ,नाटक में बतौर अभिनेता लवजीत शर्मा के अभिनय का जादू देख दर्शक लोट-पोट हो गए, नाटक की शुरुआत नौकर फखरुद्दीन के साफ सफाई से होती है नाटक में 99 वर्षीय बड़े अब्बा की रोचक कहानी दर्शकों को बार-बार ताली बजाने के लिए मजबूर कर देती है और अंत होते-होते भावुक कर जाती है,नाटक में फखरुद्दीन का एक महत्वपूर्ण संवाद मेरा इस दुनिया में कोई न होते हुए भी बड़े अब्बा हैं लेकिन बड़े अब्बा का बड़ा परिवार तीन बेटे पांच बहू और पोता- पोती सबके होते हुए भी कोई नहीं है यह संवाद आज की पीढ़ी के लिए एक बड़ा सवाल छोड़ गया जो दर्शकों को झकझोर कर रख दिया।नाटक का निर्देशन युवा नाटककार एवं निर्देशक रोशनी प्रसाद मिश्र ने किया था, रोशनी प्रसाद मिश्र इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छत्तीसगढ़ से रंगमंच लोक संगीत की पढ़ाई पूरी करने के बाद से अनवरत नाट्य लेखन, निर्देशन,संगीत निर्देशन और अभिनय के साथ-साथ लोक कला के शोधकार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं जो सीधी के लिए गौरव की बात है। नाटक में मंच परे प्रकाश परिकल्पना रजनीश जायसवाल तथा संचालन धीरज पुरोहित ने किया वहीं संगीत संयोजन आशुतोष शुक्ल, रूप सज्जा स्नेहा कुमारी, वस्त्र सज्जा विनीता सिंह ने किया। मंच प्रबंधन प्रजीत साकेत का रहा नाट्य उत्सव की परिकल्पना नीरज कुंदेर की थी तथा संयोजन रोशनी प्रसाद मिश्र ने किया। आयोजन इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी जिसमें विशेष सहयोग संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार तथा एक्सट्रीम आर्ट एण्ड एजुकेशनल सोसाइटी का था। यह नाट्य उत्सव स्थानीय बैजनाथ सभागार में चल रहा था। नाट्य प्रस्तुति से पूर्व विशिष्ट अतिथि राज बहोरन सिंह,डॉ.अनूप मिश्र, डॉ.मनोज मिश्र, सूर्य प्रकाश सिंह और बाबूलाल कुंदेर ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। नाटक की प्रस्तुति उपरांत कार्यशाला प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विशिष्ट अतिथि राज बहोरन सिंह ने उद्बोधन देते हुए कहा कि इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी का रंगमंच और लोकमंच के लिए समर्पण काबिले तारीफ़ है जितनी भी प्रशंसा की जाए कम ही होगी, वहीं संस्था संरक्षक डॉ. अनूप मिश्र ने कहा कि हर वर्ष समिति द्वारा राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाता है जिसमें अनेकों रंग विद्यार्थी आकर नि:शुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं अब तक में हजारों प्रतिभागियों ने भाग लिया और अच्छा कार्य कर रहे हैं जो सीधी के लिए गौरव की बात है वहीं रंजना मिश्रा ने कहा कि हम नीरज भैया और रोशनी भैया के सारे नाटक देखते हैं और इनकी कला के मुरीद हो गए हैं।

## संपादकीय

### सर्वोच्च न्यायालय का महत्वपूर्ण कदम

पिछले कुछ समय से जिस तरह उपासना स्थलों पर दावेदारी की कोशिशें चल रही हैं, उसमें सर्वोच्च न्यायालय का ताजा निर्देश निश्चय ही राहत देने वाला है। न्यायालय की तीन जजों की पीठ ने देश की सभी अदालतों से कहा है कि वे पूजा स्थलों से संबंधित सर्वेक्षण या अन्य किसी प्रकार की राहत के लिए अनुरोध वाली याचिका पर विचार न करें या कोई अंतरिम या अंतिम फैसला न सुनाएं। वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर को लेकर दावा किया गया था कि वहां पहले हिंदू मंदिर था। विवाद बढ़ गया तो न्यायालय के निर्देश पर उस स्थान का सर्वेक्षण कराया गया। फिर उसके तथ्यों के आधार पर मस्जिद परिसर के एक हिस्से में हिंदू श्रद्धालुओं को पूजा करने का आदेश दे दिया गया।वह फैसला एक नजीर बन गया और फिर देश के विभिन्न हिस्सों में मस्जिदों के नीचे किसी हिंदू मंदिर के अवशेष दबे होने के दावे किए जाने लगे। उत्तर प्रदेश के संभल में एक मस्जिद को लेकर इसी तरह के दावे की याचिका पर निचली अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। उस पर हिंसा भड़क उठी और पांच लोग मारे गए। उसके बाद अजमेर दरगाह के हिंदू मंदिर की जगह बने होने का दावा किया गया, तो वहां की अदालत ने उसके सर्वेक्षण का आदेश दे दिया। इन घटनाओं से विवाद बढ़ता गया।हालांकि पूजा स्थलों पर ऐसे दावे कोई पहली बार नहीं किए जा रहे हैं। पहले भी अयोध्या के विवादित ढांचे के साथ-साथ अलग-अलग शहरों में मस्जिदों और दरगाहों को अवैध ठहराने की कोशिशें की गई थीं। उसी के मद्देनजर उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 बनाया गया। उसमें स्पष्ट कहा गया है कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरूप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन था। इसमें अयोध्या के विवादित ढांचे को इसलिए अलग रखा गया था कि उसे लेकर मामले पहले से चल रहे थे। मगर ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण के बाद फिर से वैसे दावे शुरू हो गए और उपासना स्थल अधिनियम को नजरअंदाज किया जाने लगा।अब तो सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कराई गई है कि उपासना स्थल अधिनियम की धारा दो, तीन और चार को रद्द करने का आदेश दिया जाए। इस पर सर्वोच्च न्यायालय विचार करेगा।

छात्र मतवाले हो चले थे। शिक्षकों के टोकने के बावजूद हम कॉलेज से बाहर निकल पड़े। वह अनियोजित जुलूस घंटों तक यूं ही इधर-उधर चलता रहा, नारे लगाता रहा। बरसों बाद, फ्रांस की राज्यक्रांति को पढ़ते हुए वे लम्हे सहसा याद हो आए थे। उन गाथाओं ने समझा दिया था कि क्रांतियां, विजय जुलूस और पराजय की हताशाएं, कभी न कभी किसी तिराहे पर एक साथ आ खड़ी होती हैं। भारतीय उपमहाद्वीप का वर्तमान काल इसका उदाहरण है। इस तथ्य को समझने के लिए हमें जनवरी 1972 के उन लम्हों में लौटना होगा, जब बंगबंधु रावलपिंडी से रिहा होकर भारत आए थे। 10 जनवरी को उनका भाषण आकाशवाणी पर लाइव प्रसारित किया गया था।

# एक भारतीय स्वप्न की हत्या

(शशि शेखर)

आज यानी सोमवार को बांग्लादेश के उदय की 53वीं वर्षगांठ है। हर वर्ष इन दिनों मुझे दिसंबर 1971 की उजली सुबह याद आ जाती है। रोज की तरह मैं राजकीय इंटर कॉलेज, इलाहाबाद की अनिवार्य प्रार्थना सभा में शामिल हुआ था। दैनिक प्रार्थना और राष्ट्रगान के बाद प्रधानाचार्य खानवलकर महोदय ने माइक सम्हाला। आमतौर पर प्राचार्य सवेरे की सभा को संबोधित नहीं करते, लेकिन वह दिन खास था। हमें संबोधित करते वक्त उनके चेहरे पर खुशी थी, आंखों में पानी छलक रहा था और आवाज लरज रही थी। उन्होंने हमें बताया कि भारतीय सेना ने ढाका में एक लाख के करीब पाक सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया है। हम जीत गए हैं, स्वतंत्र बांग्लादेश का उदय हो चुका है।



उन दिनों समूचे देश में युद्ध का वातावरण था। हर रात 'ब्लैक आउट' होता और रह-रहकर 'सायरन' बज उठता, ताकि लोग सतर्क रहें। आवश्यक वस्तुओं पर राशनिंग लागू थी और सटीक सूचना का सीमित जरिया था, आकाशवाणी। इन दुश्वारियों के बावजूद राष्ट्रभक्ति की भावना हर ओर हिलोरें मारती नजर आती। ऐसे में, प्राचार्य की घोषणा ने बच्चों में जोश भर दिया। हम जोर-जोर से नारे लगाने लगे। छात्र मतवाले हो चले थे। शिक्षकों के टोकने के बावजूद हम कॉलेज से बाहर निकल पड़े। वह अनियोजित जुलूस घंटों तक यूं ही इधर-उधर चलता रहा, नारे लगाता रहा। बरसों बाद, फ्रांस की राज्यक्रांति को पढ़ते हुए वे लम्हे सहसा याद हो आए थे। उन गाथाओं ने समझा दिया था कि क्रांतियां, विजय जुलूस और पराजय की हताशाएं, कभी न कभी किसी तिराहे पर एक साथ आ खड़ी होती हैं। भारतीय उपमहाद्वीप का वर्तमान काल इसका उदाहरण है। इस तथ्य को समझने के लिए हमें जनवरी 1972 के उन लम्हों में लौटना होगा, जब बंगबंधु रावलपिंडी से रिहा होकर भारत आए थे। 10 जनवरी को उनका भाषण आकाशवाणी पर लाइव प्रसारित किया गया था। बांग्ला में बोले गए उनके शब्दों को पता नहीं कितने लोगों ने समझा, लेकिन यह सच है कि जहां भी रेडियो था, वहां लोग कान लगाकर उन्हें सुन रहे थे। हर ओर उत्साह भरा जोश था कि भारत और बांग्लादेश मिलकर आगे का रास्ता तय करेंगे। आज वह भरोसा डिगा हुआ नजर आता है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार जारी है और वहां की सरकार इस सच को स्वीकार करने से मुंह मोड़ रही है। अफसोस, यह सिलसिला आज शुरू नहीं हुआ। शपथ ग्रहण के चार साल भी नहीं बीते थे कि बंगबंधु और उनका लगभग पूरा परिवार सैनिक विद्रोह में मारा गया था। उस समय अखबारों ने भावुक संपादकीय लिखे थे कि भारत में गांधी की हत्या हुई और बांग्लादेश में शेख मुजीबुर्रहमान की। ऐसा लगता है, जैसे हम लोगों को अपने राष्ट्रपिता को पोसने की जिम्मेदारी स्वीकार्य नहीं। सैन्य तख्तापलट में शेख मुजीबुर्रहमान के कत्ल के बाद नए सदर बने मुश्ताक अहमद ने जनरल जियाउर रहमान को सेना प्रमुख नियुक्त किया। जिया ने तेजी से सियासी पकड़ बनाई और डेढ़ साल के भीतर वह फौज की मदद से सदर की कुर्सी पर विराजमान थे। उनके दिमाग में इस्लामी बांग्लादेश का ख्वाब पलता रहता था। उन्होंने और उनके जाने के बाद उनकी पत्नी बेगम खालिदा जिया ने इस रवायत को कायम रखा। जब शेख हसीना वाजेद चुनाव जीत जातीं, तो हालात कुछ सुधरते, लेकिन बांग्लादेश रह-रहकर संशय का शिकार हो जाता है। इसमें कोई दोराय नहीं कि सियासी उलट-फेर के चक्रव्यूह और राजनीतिक उलटबांसियों के बावजूद बांग्लादेश ने गजब की आर्थिक तरक्की की है। जिस वक्त पाकिस्तान अरब देशों, चीन और आईएमएफ के आगे हाथ पसार रहा था, उसी समय बांग्लादेश ने पिछड़े देशों से विकासशील देश की यात्रा तय की। वह रेडिमेड कपड़ों के निर्माण का हब बनकर उभरा। विश्व बैंक के मुताबिक, साल 2010 से 2023 के बीच बांग्लादेश की औसत विकास दर 6.4 प्रतिशत रही। इस अवधि में उसकी गरीबी 11.8 प्रतिशत से घटकर पांच फीसदी पर आ गई। साक्षरता, शिशु मृत्यु-दर, बिजली तक पहुंच जैसे मानव विकास सूचकांकों में भी उसका रिकॉर्ड सुधरा। प्रतिव्यक्ति विकास दर के मामले में वह फिलवक्त हमसे भी आगे निकल गया है। उम्मीद थी कि हमारे इस पड़ोसी का कारवां लगातार आगे बढ़ता रहेगा, लेकिन पिछले कुछ महीनों की घटनाओं ने इस सुखद संभावना पर सवालिया निशान लगा दिया है। कभी लंदन में जलावतनी काट रहे मोहम्मद यूनुस इस समय वहां की सरकार के मुख्य सलाहकार हैं। यूनुस को नोबेल पुरस्कार मिल चुका है और इस नाते वह दुनिया भर में सम्मानित शख्स के तौर पर जाने जाते हैं। उनसे उम्मीद की जाती थी कि वह बांग्लादेश को तेजी से आगे बढ़ाएंगे, लेकिन वह खुद उन ताकतों का हिस्सा साबित हो रहे हैं, जो अल्पसंख्यकों पर अत्याचार कर बांग्लादेश को फिर से पीछे धकेलना चाहती हैं। शेख हसीना वाजेद से उनकी निजी रंजिश का असर भारत से रिश्तों पर भी दिख रहा है। पिछले दिनों उन्होंने यूरोपीय देशों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर यह मांग की थी कि दिल्ली और भारत के अन्य हिस्सों में बांग्लादेशियों के लिए खोले गए वीजा केंद्रों को ढाका स्थानांतरित कर दिया जाए। दोनों देशों के बीच पनपी तल्खी का नतीजा है कि जूना अखाड़े के साधुओं को इस बार महाकुंभ में प्रयागराज आने की इजाजत नहीं मिल सकी है। भारत में आयोजित होने वाले चार कुंभों में बांग्लादेश में मौजूद जूना अखाड़े की शाखाओं से चार से पांच सौ तक साधु आते रहे हैं। यही नहीं, ढाका से बहुत जल्द पाकिस्तान के लिए हवाई सेवा शुरू करने पर भी काम चल रहा है।

उधर, आईएसआई बड़ी शिद्दत से भारत विरोधी जेहादी शक्तियों को बढ़ावा दे रही है। सवाल यह है कि बांग्लादेश अपने लिए कैसा भविष्य चुनना चाहता है?वहां के हुक्मरां भूल क्यों जाते हैं कि पाकिस्तान 1980 के दशक तक प्रतिव्यक्ति आय के मामले में भारत से आगे था। उसने जेहादी शक्तियों को बढ़ावा दिया और आज वहां की दुर्गति देख लीजिए। इसके विपरीत भारत ने धर्मनिरपेक्षता की नीति को जारी रखा। नई दिल्ली की सरकारों ने हर तरह के कट्टरवाद और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बाजार की अर्थव्यवस्था को प्राथमिकता दी। नतीजा सामने है। हम 2047 तक विश्व की तीन सबसे बड़ी आर्थिक महाशक्तियों में शामिल होने का सपना संजोने की हैसियत रखते हैं।

कभी 1971 में बुरी तरह पराजित हुआ पाकिस्तान भले ही आज बांग्लादेश की घटनाओं पर इतरा ले, लेकिन उसे याद रखना चाहिए कि अंतिम जीत अवाम की आर्थिक तरक्की से हासिल होती है।

ऐसे में, बांग्लादेश कट्टरपंथियों के हाथ में खुद को सौंपकर भला आगे बढ़ने का मनसूबा पाल भी कैसे सकता है? मोहम्मद यूनुस ऐंड कंपनी को इतनी साधारण बात समझ में क्यों नहीं आती? ढाका का यह बदला रवैया भारत की चिंता का भी सबब है। हमारी दोनों सीमाओं पर मजहबी उन्मादियों का जमावड़ा शुभ शकुन नहीं है।

# क्या है दुनिया के सबसे खुफिया संगठन इल्युमिनाटी का रहस्य?

(धर्मेंद्र सिंह )

इल्युमिनाटी एक ऐसा नाम है, जिसकी अक्सर चर्चा होती है। हालांकि, यह एक रहस्यमयी संगठन हैं, जिसे लेकर कई कांस्पीरेसी थियोरीज हैं। कांस्पीरेसी थियोरीज के मुताबिक, इल्युमिनाटी दुनिया का सबसे खतरनाक संगठन है। इसके सदस्यों में बिल गेट्स और ओपरा विनफ्रे जैसे नाम शामिल हैं। इन थियोरीज के मुताबिक, इल्युमिनाटी का अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी की हत्या में हाथ रहा है। देशों के बीच युद्ध करवाने और सरकारें गिराने में भी यह संगठन शामिल है। कांस्पीरेसी थियोरीज में कितनी सच्चाई है यह एक रहस्य है। इतिहास में इल्युमिनाटी नाम का एक संगठन जरूर था।

**कब और कैसे बना था इल्युमिनाटी?**

18वीं सदी में इस संगठन की शुरुआत हुई थी। इसकी कहानी 1748 से शुरू होती है। मध्य यूरोप में एक बवेरिया राज्य हुआ करता था। बवेरिया के इंग्लोस्टाड नाम के एक शहर में जन्में एडम वाइसहाप्ट इंग्लोस्टाड की यूनिवर्सिटी में धार्मिक कानूनों के प्रोफेसर थे। उनके पूर्वज यहूदी थे, लेकिन उन्होंने ईसाई धर्म अपना लिया था। वाइसहाप्ट खुद पादरी नहीं थे, लेकिन यूनिवर्सिटी का प्रशासन पादरियों से चलता था। यह सभी रोमन कैथलिक चर्च के विशेष सम्प्रदाय, जेसुइट्स में शामिल थे। 16 वीं सदी में जेसुइट्स ऑर्डर की स्थापना हुई थी और इनका काम दुनिया भर में ईसाई धर्म का प्रचार करना था।

वाइसहाप्ट धार्मिक कानूनों और तौर तरीकों में बदलाव लाना चाहते थे, जिसकी कई वजहें थीं। उसका मानना था कि विज्ञान के साथ-साथ धर्म को चलना चाहिए। वाइसहाप्ट को इन विचारों को आगे ले जाने के लिए साथी की जरूरत थी। इसके लिए उसने फ्रीमेसन्स नाम के एक समुदाय से जुड़ने का प्रयास किया। फ्रीमेसन्स समुदाय के लोग खुले विचारों वालों थे। इसके सदस्य दर्शन और धर्म पर बात करते थे। दुनिया के सबसे पुराने संगठनों में फ्रीमेसन्स शामिल हैं और 21 वीं सदी में अस्तित्व रखता था। फ्रीमेसन्स उदार ख्याल के थे, लेकिन उनमें पर्याप्त क्रांतिकारी सोच नहीं थी। एडम वाइसहाप्ट ऐसा मानते थे। इसकी वजह से उन्होंने फैसला लिया कि वह अपना एक संठगन बनाएंगे। प्रोफेसर एडम वाइसहाप्ट ने इल्युमिनाटी की नींव रखी थी। शुरुआत में इसका नाम 'ऑर्डर ऑफ इलुमिनाटी' था। चर्च और क्रिश्चियन धर्म के कट्टरपंथ की जड़ें समाज में काफी गहरी थीं। इसी कट्टरपंथ से आजाद होने के लिए प्रोफेसर एडम ने इस संगठन की शुरुआती की। इसके माध्यम से उनका एक ऐसी दुनिया बनाना था, जहां पर कट्टरपंथ और धर्म की दीवारें न हों। सभी को समान रूप से देखा जाए। संगठन की शुरुआत में इससे कुछ छात्र जुड़ गए, लेकिन धीरे धीरे इल्युमिनाटी का दायरा बढ़ने लगा और हजारों लोग इस संगठन में शामिल होने लगे। इसके बाद वाइसहाप्ट कई खुफिया बैठकें आयोजित करवाते थे, जिनमें समाज और सरकार को लेकर कई बातें की जाती थीं। बाद में स्थानीय सरकार को इस खुफिया संगठन बारे में पता चल गया। इसके बाद स्थानीय सरकार ने इल्युमिनाटी पर प्रतिबंध लगा दिया, जबकि प्रोफेसर वाइसहाप्ट को जेल में भेज दियाा गया। अभी भी कई लोगों को यकीन है कि इल्युमिनाटी अभी भी सक्रिय है और देश दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, उसके पीछे इसी का हाथ है।

कांस्पीरेसी थियोरी के मुताबिक, जॉन एफ कैनेडी की रहस्यमय हत्या के पीछे भी ल्युमिनाटी ही जिम्मेदार था। कैनेडी की मौत को लेकर एक थ्योरी है कि कैनेडी की जब हत्या हुई थी। उस दौरान उनके पास कुछ महिलाएं थीं, जिनके हाथों में कैमरे की तरह दिखने वाली एक बंदूक थी। इन महिलाओं को द बबुष्का लेडी कहा जाता था। मान्यता है कि द बबुष्का लेडी का संबंध इल्युमिनाटी से था। साथ ही थ्योरी में यह भी कहा जाता है कि फ्रांस की क्रांति के पीछे भी इल्युमिनाटी ही जिम्मेदार था। आज भी इलुमिनाटी के रहस्य से पर्दा नहीं उठ सका है। इल्युमिनाटी का सच क्या है? यह आज भी कोई नहीं जानता है।

## वर्ग पहेली 5584



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 26 जुलाई 1965 को यह द्वीप समूह स्वतंत्र हुआ इस पर ब्रिटेन का कब्जा था, इसकी राजधनी माले है (4)
4. भारत के पूर्व में अंतिम छोर पर किबितु गांव अरूणाचल प्रदेश के इस जिले में स्थित है, मंगल ग्रह का एक नाम (3)
7. गले के नीचे पेट में उतारना, निगलना (3)
8. वे प्राणी जो आकाश मे विचरित होते हों (4)
9. खोपड़ी, खपरा, शिरोस्थि (3)
11. आस्तीन को अंग्रेजी में यह कहते है, पाणिपेट (2)
13. छल, कपट से धन हरने वाला (2)
14. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
15. एक गहना जो नाक में पहना जाता है, लटकने की क्रिया या भाव (4)
18. ऐंठन, शारीरिक शक्ति (2)
19. ग्रीष्म ऋतु में चलने वाली तप्त हवा (1)
20. ब्रांच, पल्ल्वाधार, टहनी (2)
21. अवशिमन, शीघ्रता (4)
24. आदर सहित (3)
25. पंजाब की ऐतिहासिक प्रणय जोड़ी (4)

**ऊपर से नीचे**

1. बाग बगीचे की देखभाल करने (2)
2. तीव्र उत्कंठा, प्रबल अभिलाषा (3)
3. नसीरूदीन शाह की अभिनेत्री सास (5)
4. लालच, जुगुप्सा (2)
5. झिझकना, सकपकाना, ठिठकना (4)
6. आयाम, दिशा, अभिमुखता (3)
10. वे दिन जिसमें विवाह आदि संपन्न कराए जाते हों, तल्लीनता (3)
12. जिसका बदन फूल जैसा कोमल हो (5)
14. बैकग्राउंड, जानिब, तरफ (2)
16. किसी काम के लिए निश्चित समय से आगे का समय नियत करना (3)
17. ज्वर, संचित आवेश (3)
20. प्रसन्न, हर्षित, खुश (2)
22. क्षीरज (2)
23. पुरूष, मर्द (2)
24. हिस्सेदारी, भागीदारी (2)

### वर्ग पहेली 5583 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मे | रि | का | | स | | रौ |
| मी | न | | म | क | र | ध्व | ज |
| न | का | र | ना | | प | स्त | |
| स | | सि | | ना | र | | मा |
| या | च | क | | म | स्त | मौ | ला |
| नी | ल | | ना | ज | | ल | |
| | ता | ना | | द | | वी | र |
| ता | ऊ | | जा | गी | र | | क्षा |

## नए साल पर गलती से भी न करें ये चार काम, घर में आ सकती है कंगाली

(शिखर बरनवाल)

नया साल नई शुरुआत का प्रतीक है। अक्सर लोग नए साल के दिन कुछ ऐसे काम करते हैं जो नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि नए साल के दिन किन कार्यों को करने से बचना चाहिए। नया साल जीवन में एक नई शुरुआत का प्रतीक है, और हर कोई चाहता है कि यह साल उनके लिए खुशियों और समृद्धि लेकर आए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कुछ कार्य नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं और आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव डाल सकती हैं। जिस तरीके से माना जाता है कि अगर दिन की शुरूआत अच्छी होती है तो पूरा दिन बन जाता है, ठीक वैसे ही अगर साल की शुरूआत अच्छी हो तो पूरा साल बन जाता है। इन्हीं बातों का ध्यान रखकर आप नए साल में सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित कर सकते हैं और अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकते हैं। अक्सर लोग नए साल के दिन कुछ ऐसे काम करते हैं जो नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करता है। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि नए साल के दिन किन कार्यों को करने से बचना चाहिए।

1. **लड़ाई-झगड़े से बचें-** नए साल की शुरुआत में घर में किसी से भी झगड़ा या विवाद नहीं करना चाहिए। लोक मान्यताओं के अनुसार, घर में कलह होने से नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश होता है और धन हानि होती है। इसलिए नए साल में अपने परिवार के सदस्यों और दोस्तों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें।

2. **तामसिक भोजन से परहेज करें-** नए साल में तामसिक भोजन से परहेज करना चाहिए। तामसिक भोजन में मांस, मछली, अंडे, शराब आदि शामिल हैं। इन चीजों का सेवन करने से नकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है और आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। इसलिए नए साल में सात्विक भोजन का सेवन करें जैसे कि फल, सब्जियां, दही, दूध आदि।

# आखिर सोना कब और किसे पहनना चाहिए? जाने गोल्ड कैसे धारण करें

(दिव्यांशी भदौरिया)

ज्योतिष में सोना को धारण करने के लिए कई नियम बताए गए है, जिन्हें पालन करना भी आवश्यक होता है। अगर सोना को सही विधि से और सही तरीके से धारण करने से कई लाभ प्राप्त होते हैं। आइए आपको बताते हैं कैसे सोने को धारण करना चाहिए।

ज्योतिष शास्त्र में सोने को धारण करने के लिए कुछ नियम बताए गए हैं। सोना सुनहरे रंग का धातु है। रत्न शास्त्र में बताया गया है कि, सोना धारण करने से गुरु ग्रह को मजबूत किया जा सकता है। जातकों को कुंडली में ग्रहों की स्थिति और राशि के अनुसार रत्न को धारण करना चाहिए। ज्योतिष में सोने को पहनने के लिए कुछ नियम बताए गए हैं, जिन्हें पालन करना काफी जरुरी है। सोने का सही विधि और सही तरीके से धारण करने से लाभ प्राप्त होता है। सोने के धारण से करने से धन-लाभ व संतान सुख की प्राप्ति होती है। आइए आपको बताते हैं सोने को कब और कैसे धारण करना आवश्य होता है।

**कब सोना धारण करना चाहिए?**

सोने का गुरु से संबंधित होने के कारण सोना को गुरुवार के दिन धारण करना शुभ माना जाता है। इसे पहनने से पहले शुद्ध करना जरुरी है।

**सोना को कैसे करें धारण?**

आप चाहे तो सोना को अंगूठी या चेन के रुप में धारण से कर सकते हैं। सोने को शुद्धि करने के लिए आप गंगाजल, दूध और शहद से शुद्ध करें।



फिर इसे आप भगवान विष्णु के चरणों में अर्पित कर दें। विधि-विधान से पूजा करने के बाद अंगूठी और चेन को पहन सकते हैं। माना जाता है कि, रविवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार के दिन सोना धारण करना शुभ होता है।

**सोना किसे पहनना चाहिए?**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, सोने का धारण मेष, कर्क, सिंह, धनु और मीन राशि के लोगों को धारण करना चाहिए। वहीं, मकर, मिथुन, कुंभ और वृषभ राशि के जातकों को सोना नहीं पहनना चाहिए। इसके साथ ही कुंडली में गुरु की स्थिति देखकर ही सोना का धारण करना चाहिए। जिन लोगों को पेट व मोटापे से संबंधित समस्याओं में सोना धारण करने से बचना चाहिए। जब आप सोना धारण करें तो पहले आपको अपने ग्रहों की स्थिति जरुर देखनी चाहिए। वहीं, ज्योतिष की सलाह जरुर लें।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज दिन सफलता से भरा होगा। ऑफिस में आपके प्रदर्शन को देखकर कुछ लोगों का मूड खराब हो सकता है। आपसे कुछ लोगों को चिढ़ हो सकती है। दिन परोपकार में व्यतीत होगा और आपको दूसरों की मदद करने से खुशी होगी। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को काफी खुशनुमा बना देंगे।

**वृष**

आज दिन सफलता से भरा होगा और परिजनों के साथ आपका अच्छा वक्त बीतेगा। आपको कहीं से कोई दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। ऐसा कोई काम न करें कि आपकी सेहत को नुकसान हो।

**मिथुन**

आज दिन शुभ है और आपको पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की तरफ से कोई शुभ समाचार की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी और व्यर्थ व्यय से बचें।

**कर्क**

आज लाभ होगा और आपको अचानक से बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से खुशी का अनुभव होगा। आपके कोष में वृद्धि होगी और कारोबार में योजनाएं सफल होंगी। कोष की स्थिति बेहतर होगी और आपको भाग्य का साथ मिलेगा।

**सिंह**

आज दिन शुभ है और आपको हर कार्य में आशातीत सफलता प्राप्त होगी और आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। संतान के प्रति आपके दायित्व की पूर्ति होगी और आप काफी तरक्की करेंगे। रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा। पाचन क्रिया मंद होने से आपको नुकसान हो सकता है।

**कन्या**

आज दिन सफलता से भरा रहेगा और आपका भाग्य साथ दे रहा है। आपको वृद्धजनों की सेवा और पुण्य कार्य पर धन व्यय करने से खुशी होगी। आपके सभी जरूरी कार्य बिना किसी बाधा के पूर्ण होंगे। दाम्पत्य जीवन में सुखद स्थिति रहेगी।

**तुला**

आज शिक्षा और प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं और आपके लिए आय के नए स्रोत बन रहे हैं और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपको वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी। भागदौड़ अधिक रहने के कारण मौसम का विपरीत प्रभाव स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होने से आपकी तरक्की होगी। आपके धन सम्मान और यश कीर्ति में वृद्धि होगी। आपका रुका कार्य पूर्ण होगा और आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। आपको वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

**धनु**

आज करियर के मामले में लाभ होगा और गृहोपयोगी वस्तुओं पर आपका धन काफी खर्चा होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपकी तरक्की होगी। आपको अधीनस्थ कर्मचारी या किसी सम्बन्धी के कारण तनाव मिल सकता है।

**मकर**

आज करियर के मामले में दिन शुभ है। आपके मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी। आपके व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता और पारिवारिक उत्तरदायित्व पूर्ण होंगे। शाम को आपके लिए धार्मिक यात्रा का प्रसंग प्रबल होकर स्थगित होगा।

**कुंभ**

आज दिन काफी खर्च वाला रहेगा। आपको फालतू खर्च काफी करना पड़ सकता है। भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति के क्रय विक्रय के समय उसके पूर्व संपत्ति के सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के समय स्थिति में सुधार होगा। पूर्ण स्वस्थ होने में समय लगेगा।

**मीन**

आज जीवन आनन्ददायक बीतेगा। आपको किसी मामले में पास और दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के समय घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### गिलगित-बाल्टिस्तान में भूस्खलन की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र के स्कर्दू में रोंडो मालुपा के पास रविवार को एक वाहन भूस्खलन की चपेट में आ गया, जिससे इसमें सवार कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि वाहन स्कर्दू से शांगस की ओर जा रहा था तभी अचानक यह गिरते हुए मलबे के नीचे दब गया। पुलिस ने इस घटना को ''भयावह'' करार दिया क्योंकि भारी मात्रा में मलबा गिरने से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे उसमें मौजूद लोगों को बचने का मौका नहीं मिला। उसने बताया कि राहत-बचवा अभियान के लिए घटनास्थल पर तुरंत बचाव दल को भेजा गया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि इस घटना में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई।

### रूस ने केर्च जलडमरूमध्य में तूफान से दो तेल टैंकरों को हुए नुकसान के बाद बचाव अभियान शुरू किया



**मास्को, एजेंसी।** केर्च जलडमरूमध्य में आए तूफान के कारण दो रूसी तेल टैंकरों को भारी नुकसान पहुंचा, उनसे तेल का रिसाव हुआ और एक आपात बचाव अभियान शुरू किया गया। रूसी अधिकारियों ने रविवार को एक सरकारी समाचार एजेंसी को यह जानकारी दी। रूसी समाचार एजेंसी 'तास' ने देश के आपात स्थिति मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि वोल्गोनेफ्ट-212 टैंकर तूफान में फंस गया और उसका अगला हिस्सा फट गया। टैंकर पर चालक दल के 13 सदस्य सवार थे और ईंधन भरा हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि यह क्षति खराब मौसम के कारण हुई। आपात मंत्रालय ने बताया कि दूसरा टैंकर वोल्गोनेफ्ट 239 भी तूफान में क्षतिग्रस्त हो गया। इस पर चालक दल के 14 सदस्य सवार थे। केर्च जलडमरूमध्य रूस के कब्जे वाले क्रीमिया प्रायद्वीप को रूस से अलग करता है और यह विश्व का एक महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग है। यह जलडमरूमध्य आजोव सागर से काला सागर को जोड़ता है।

### यूक्रेन ने ड्रोन से रूस के चेचन्या पर किया हमला

**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन ने एक ड्रोन से रविवार को रूस के चेचन्या क्षेत्र में नेशनल गार्ड के एक परिसर पर हमला किया। रूस की ओर से किए जा रहे बड़े पैमाने पर हवाई हमले के बाद कीव ने जवाबी हमले जारी रखे हैं। सोशल मीडिया पर उपलब्ध वीडियो फुटेज में एक ड्रोन को विस्फोट से पहले चेचन्या की राजधानी ग्रोज्नी के आसमान में देखा गया। इस हमले में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हमले का यह क्षेत्र यूक्रेन की सीमा से लगभग 800 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। चेचन्या के नेता रमजान कादिरोव ने पुष्टि की कि ड्रोन ने अखमत ग्रोज्नी पुलिस बटालियन से संबंधित एक स्थान पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि हवाई सुरक्षा बलों ने दो अन्य ड्रोन को मार गिराया है।

### द. कोरिया के अपदस्थ राष्ट्रपति युन को पुलिस का समन, विपक्ष ने की कोर्ट से जल्द फैसले की मांग

**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लागू किए जाने के कारण महाभियोग के जरिये राष्ट्रपति पद से हटाए गए युन सूक येओल को पुलिस ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। हालांकि, वे पुलिस के समक्ष हाजिर नहीं हुए। पुलिस ने फिर समन भेजने की बात कही है। इस बीच, द. कोरिया के विपक्षी नेता ने येओल को पद से हटाने के संबंध में शीर्ष अदालत से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया है। विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ली जे-म्यांग ने कहा कि अराजकता को कम करने का एकमात्र तरीका त्वरित निर्णय है। एजेंसी येओल के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव पर शनिवार को संसद में मतदान हुआ, जिसके समर्थन में 204 व विरोध में 85 वोट पड़े। राष्ट्रपति के तौर पर येओल की शक्तियां तब तक निलंबित रहेंगी, जब तक सांविधानिक अदालत उन्हें पद से हटाने अथवा उनकी शक्तियों को बहाल करने का फैसला नहीं सुना देती। अदालत के पास यह तय करने के लिए 180 दिन का समय है। कार्यवाहक राष्ट्रपति हान ने रविवार को देश के सहयोगियों व वित्तीय बाजार को भरोसा दिया कि व्यवस्थाएं पहले की तरह काम करती रहेंगी। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर वार्ता में कहा कि दक्षिण कोरिया की विदेश व सुरक्षा नीतियां निर्बाध जारी रहेंगी तथा दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच गठबंधन और मजबूत होगा।



# नेतन्याहू ने ट्रंप से फोन पर की बात, इजराइल की जीत को लेकर की चर्चा



**तेल अवीव, एजेंसी।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत की. इस दौरान उन्होंने ईरान और उसके सशस्त्र समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने के अपने संकल्प को दोहराया. नेतन्याहू ने वीडियो संदेश में कहा कि शनिवार (स्थानीय समय) को उनकी ट्रंप के साथ महत्वपूर्ण बातचीत हुई. इस दौरान इजरायल की जीत और गाजा में शेष बंधकों को वापस लाने की आवश्यकता पर भी बात की.

हमास ने 7 अक्टूबर को इजरायल पर एक बड़ा आतंकी हमला किया जिसमें 1200 से अधिक लोग मारे गए और 250 से अधिक लोग बंधक बनाए. माना जाता है कि उनमें से करीब 100 लोग अभी भी गाजा में बंधक हैं. इजराइल ने गाजा में हमास को निशाना बनाकर लगातार जवाबी हमले किए जिसमें 45,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए.

**नेतन्याहू का मिडल ईस्ट को बदल देंगे वाला बयान :** नेतन्याहू ने एक बयान में कहा, मैंने कल रात अपने मित्र अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ इन सब पर फिर से चर्चा की. यह एक मैत्रीपूर्ण, गर्मजोशी और बहुत महत्वपूर्ण बातचीत थी. इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की. नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल हमारे बंधकों को घर वापस लाने के लिए अथक प्रयास कर रहा है, चाहे वे जीवित हों या मृत.

इजरायली प्रधानमंत्री ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जोरदार तरीके से कहा कि वे मिडल ईस्ट को बदल देंगे. नेतन्याहू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैंने कहा था कि हम मध्य पूर्व को बदल देंगे और यही हो रहा है. सीरिया वही सीरिया नहीं रहा. लेबनान वही लेबनान नहीं रहा. गाजा वही गाजा नहीं रहा. ईरान वही ईरान नहीं रहा.

**हिजबुल्लाह को हथियारबंद होने से रोकने के लिए नेतन्याहू आमादा :** नेतन्याहू ने कहा कि वह हिजबुल्लाह को फिर से हथियारबंद होने से रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं. उन्होंने कहा, यह इजरायल के लिए एक सतत परीक्षा है. हमें इसका सामना करना होगा. हम इसका सामना करेंगे. मैं हिजबुल्लाह और ईरान से साफ शब्दों में कहता हूं आपको हमें नुकसान पहुंचाने से रोकने के लिए, हम हर क्षेत्र में और हर समय आपके खिलाफ कार्रवाई करना जारी रखेंगे.

वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार 8 दिसंबर को हयात तहरीर अल-शाम के नेतृत्व में विद्रोहियों द्वारा दो दशक से अधिक पुराने बशर अल-असद शासन को उखाड़ फेंकने के बाद से इजरायल ने सीरिया में सैकड़ों हवाई हमले किए हैं. गोलान हाइट्स से आगे बढ़कर भूमि पर आक्रमण किया है. इजरायली सेना ने तेजी से खाली छोड़े गए सैन्य ठिकानों पर नियंत्रण कर लिया।

## असद सरकार के सत्ता से हटने का असर, कतर ने 13 साल बाद खोला अपना दूतावास

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया में बशर अल असद सरकार के सत्ता से हटने और बागी समूहों द्वारा सत्ता कब्जाने के बाद अब दुनियाभर के देशों ने भी नई सरकार को स्वीकार कर लिया है और उनके साथ कूटनीतिक संबंध स्थापित करने शुरू कर दिए हैं। संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत सीरिया की राजधानी दमिश्क पहुंच चुके हैं। विशेष दूत ने सीरिया के नए नेता और हयात तहरीर अल शाम के प्रमुख अबू मोहम्मद अल जोलानी से भी मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि देश में एक विश्वसनीय न्याय प्रणाली स्थापित हो, अपराधों के लिए न्याय और जवाबदेही हो और बदले की भावना से काम न किया जाए। कतर के दूतावास भी 13 साल बाद मंगलवार से फिर से दमिश्क में काम करना शुरू कर देगा। कतर ने 13 साल पहले सरकार विरोधी विद्रोह के शुरुआती दौर में दमिश्क में अपना दूतावास बंद कर दिया था। इस विद्रोह के बाद ही सीरिया में गृहयुद्ध शुरू हुआ था, जो 13 साल चला। गृहयुद्ध के दौरान दुनिया के अन्य देशों ने बशर अल असद सरकार के साथ अपने संबंध जारी रखे, लेकिन कतर ने ऐसा नहीं किया।

## अफगानिस्तान : कोयला खदान में बड़ा हादसा, 35 खनिक मलबे में फंसे

**आयबक, एजेंसी।** अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में एक कोयला खदान के मलबे में कई खनिक फंस गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, प्रांतीय स्वास्थ्य निदेशक सईद उस्मान हामिदी ने मलबे के नीचे 35 खनिकों के फंसे होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि बचाव दल और स्वास्थ्य कर्मियों को क्षेत्र में भेज दिया गया है। प्रांतीय पुलिस कार्यालय की ओर से रविवार को जारी एक बयान में कहा गया, शुरूआती रिपोर्टों से पता चलता है कि समांगन प्रांत के दारा-ए-सूफी पायिन जिले में कल मजदूर कोयला खदान में काम कर रहे थे, लेकिन खदान का एक हिस्सा ढह गया, जिसके परिणामस्वरूप कई खनिक मलबे में फंस गए।



बयान में आगे कहा गया कि पुलिसकर्मी, स्थानीय अधिकारी और ग्रामीण मलबे में फंसे खनिकों को बचाने के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। स्थानीय तालिबान अधिकारियों के अनुसार, मलबे में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है, लेकिन अभी तक किसी को भी मुक्त नहीं कराया जा सका है। बख्तर न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम 6 बजे के आसपास हुई। इस सप्ताह की शुरुआत में बामियान प्रांत के ख्वाजा गंज गांव में एक कोयला खदान में गैस के संपर्क में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई थी। फरवरी 2002 में, अफगानिस्तान में एक कोयला खदान के ढहने से कम से कम 10 खनिकों की जान चली गई थी। 2019 में अफ़गानिस्तान में एक सोने की खदान के ढहने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी। यह धमाका बदख्शां प्रांत के कोहिस्तान जिले में हुआ था। अफगानिस्तान में खनिजों के विशाल संसाधन हैं, लेकिन कई खदानें पुरानी हैं और उनका रखरखाव ठीक से नहीं किया जाता है। अफगानिस्तान के खनन क्षेत्र में घातक दुर्घटनाएं अक्सर होती हैं। इन घटनाओं के कारण अक्सर अपर्याप्त सुरक्षा उपाय और उचित उपकरणों की कमी होती है।

## रूस ने सीरिया से अपने कुछ राजनयिकों को निकाला

**मास्को , एजेंसी।** रूस के विदेश मंत्रालय ने बताया कि रूस ने सीरिया की राजधानी दमिश्क से अपने कुछ राजनयिकों को निकाल लिया है, जबकि उसका दूतावास अभी भी काम कर रहा है। मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में कहा कि राजनयिकों को सीरिया के खमीमिम एयरबेस से रूसी एयरोस्पेस फोर्सेज की उड़ान से मॉस्को ले जाया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उड़ान में बेलारूस और उत्तर कोरिया के राजनयिक भी सवार थे। मंत्रालय के संकट स्थिति विभाग ने टेलीग्राम पर कहा कि 15 दिसंबर को दमिश्क में रूसी (राजनयिक) प्रतिनिधित्व के कुछ कर्मियों की वापसी सीरिया में हमीमिम एयरबेस से रूसी वायु सेना की एक विशेष उड़ान द्वारा की गई। मंत्रालय ने अनुसार विमान मॉस्को के निकट हवाई अड्डे पर पहुंचा, लेकिन उसमें कितने लोग सवार थे, यह नहीं बताया। टेलीग्राम पर प्रकाशित प्रेस वक्तव्य में कहा गया है कि दमिश्क में रूसी दूतावास अभी भी काम कर रहा है। 11 दिनों की आक्रामकता के बाद, इस्लामिक समूह हयात तहरीर अल-शाम एचटीएस) द्वारा नेतृत्व किए गए एक विद्रोही गठबंधन ने असद को सत्ता से हटा दिया, जो अपने परिवार के साथ रूस भाग गए। असद का सत्ता से पतन मॉस्को के लिए एक बड़ा झटका था, क्योंकि रूस और ईरान पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति के मुख्य सहयोगी थे।

# बकिंघम पैलेस में चीनी जासूस, मची हलचल, प्रिंस एंड्रयू के करीबी के तहत ली एंट्री

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की राजनीति में इस समय हलचल मची है. बता दें, एक चीनी जासूस को लेकर सारा मामला चर्चा का विषय बना है. पता चला है कि चीन का एक जासूस किंग चार्ल्स तृतीय के छोटे भाई प्रिंस एंड्रयू के करीबी के तहत बकिंघम पैलेस में एंट्री ली. इसके साथ-साथ उसने पूर्व प्रधानमंत्री कैमरून और थेरेसा में से भी मुलाकात की थी. अभी तक इस जासूस की पहचान नहीं हो सकी है, लेकिन इसे एच6 के नाम से पहचाना जाता है. हालांकि कैमरून और थेरेसा में की तरफ से अभी तक कोई बयान सामने नहीं आया है. इस बीच, थेरेसा मे के प्रवक्ता ने कहा कि उन्हें यह याद नहीं है कि यह तस्वीर कब और कहां ली गई थी या वह व्यक्ति कौन था. इससे पहले, ड्यूक ऑफ यॉर्क एंड्रयू ने एक बयान में कहा था कि उन्होंने कथित जासूस के साथ सभी संपर्क बंद कर दिए हैं.

डेविड कैमरून के एक करीबी, जो अब लॉर्ड कैमरून हैं, ने स्काई न्यूज को बताया कि एक दशक से ज्यादा समय तक कंजर्वेटिव पार्टी के नेता और छह साल तक प्रधानमंत्री रहे. उस दौरान उन्होंने सैकड़ों समारोहों और कार्यक्रमों में हजारों लोगों से मुलाकात की. हमारे पास इस व्यक्ति के बारे में कोई और जानकारी नहीं है.

यह खुलासा इस सप्ताह की शुरुआत में सामने आया, जिसके



बाद इस जासूस एच6 को राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरे के चलते यूके में आने से रोक दिया गया था. जुलाई में एक विशेष आव्रजन अपील आयोग (एसआईएसी) ने सुनवाई की कि उस व्यक्ति को 2020 में प्रिंस एंड्रयू की जन्मदिन की पार्टी में आमंत्रित किया गया था और एक शाही सहयोगी ने उसे बताया था कि वह चीन में संभावित निवेशकों के साथ काम करते समय ड्यूक की ओर से काम कर सकता है. एक बयान में, प्रिंस एंड्रयू के कार्यालय ने कहा कि ड्यूक ने आधिकारिक चैनलों के माध्यम से उस व्यक्ति से मुलाकात की थी और किसी भी संवेदनशील प्रकृति की कोई चर्चा नहीं हुई थी. वहीं, ब्रिटेन में चीनी दूतावास ने जासूसी के आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि ब्रिटेन में कुछ लोग हमेशा चीन को निशाना बनाकर आधारहीन जासूसी कहानियां गढ़ने के लिए उत्सुक रहते हैं. प्रवक्ता ने आगे कहा उनका उद्देश्य चीन को बदनाम करना और चीनी और ब्रिटिश कर्मियों के बीच सामान्य आदान-प्रदान को बाधित करना है.

हालांकि, पूर्व मंत्री गिलियन कीगन ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन को हमेशा सतर्क रहना चाहिए, और यह आश्चर्यजनक है कि लोग चीन की गतिविधियों से हैरान हैं, क्योंकि चीन जाने वाले लोगों को सुरक्षा सलाह 30 साल पहले से दी जा रही है. वे हमारे लिए सबसे बड़ा रणनीतिक खतरा हैं. वे रूस से भी कहीं ज़्यादा बड़ा रणनीतिक खतरा हैं. ब्रिटेन की गृह सचिव यवेट कूपर ने लेबर सरकार के रुख को स्पष्ट करते हुए कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि देश की सुरक्षा और खुफिया एजेंसियां ब्रिटेन की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए किसी भी खतरे के प्रति निरंतर सतर्क रहें.

# इमरान की पार्टी पर हिंसा की राजनीति का आरोप : 26 नवंबर की हिंसा को सरकार ने काला दिन बताया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सूचना एवं प्रसारण मंत्री अताउल्लाह तारड़ ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी पर हिंसा की राजनीति को बढ़ाने का आरोप लगाया है। अताउल्लाह ने कहा कि पीटीआई के प्रदर्शन कभी शांतिपूर्वक नहीं रहे हैं। मंत्री ने आरोप लगाते हुए कहा कि पीटीआई कार्यकर्ताओं ने 26 नवंबर को इस्लामाबाद में आधुनिक हथियारों, स्टेन गन आंसू गैस और ग्रेनेड से लैस होकर हिंसा फैलाई। अताउल्लाह ने 9 मई और 26 नवंबर को पाकिस्तान के इतिहास का सबसे काला दिन बताया।

अताउल्लाह ने आरोप लगाते हुए कहा, पीटीआई लाशों की राजनीति करना चाहती है और देश में अशांति फैलाकर अपने राजनीतिक हित साधना चाहती है। इमरान का पलटवार- सरकार जाति के आधार पर बांट रही जेल में बंद पीटीआई के संस्थापक इमरान खान ने हिंसा के आरोपों पर पलटवार करते सरकार पर देश को जाति के आधार पर बांटने का आरोप लगाया। इमरान ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा



कि सरकार पख्तूनों को जाति के आधार पर निशाना बना रही है। इमरान ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई भी सरकार की फूट डालो और राज करो की नीति का हिस्सा न बने। हम सभी पहले पाकिस्तानी हैं। इसके अलावा इमरान ने सरकार को अवज्ञा आंदोलन (सरकार की नाफरमानी) की धमकी दी है। इमरान ने सरकार के सामने 2 प्रमुख मांगें भी रखी है। इनमें से पहली है कि पिछले साल 9 मई और इस साल 26 नवंबर को हुई हिंसाओं की जांच सुप्रीम कोर्ट के सीनियर जजों की अध्यक्षता में कराई जाई। वहीं दूसरी मांग है कि गैर कानूनी तरीके से जेल में बंद में पीटीआई के कार्यकर्ताओं और नेताओं के रिहा किया जाए।

पीटीआई नेता बोले- नाफरमानी आंदोलन इमरान की मांग इमरान की पार्टी के नेता और खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने कहा कि नाफरमानी आंदोलन इमरान खान ने बुलाया है, मैंने नहीं। उन्होंने कहा कि जब पूरी जानकारी मिल जाएगी, तब इस पर काम करेंगे। हम इमरान के आदेशों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता बातचीत है, लेकिन सरकार को अपनी ताकत दिखानी होगी। क्क्षद्व के नेता और नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता उमर अयूब ने सोमवार को कहा कि पार्टी राजनीतिक संकट को सुलझाने के लिए किसी के साथ भी बातचीत करने को तैयार है। पिछले कुछ महीनों से सरकार और पीटीआई के बीच तनाव लगातार बढ़ा है। इसे एक बार फिर पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता का दौर शुरू होने के तौर पर देखा जा रहा है।

## फ्रांसीसी क्षेत्र मायोट में तूफान का कहर, 14 लोगों की मौत

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के हिंद महासागरीय क्षेत्र मायोट में आए चिडो तूफान से 14 लोगों की मौत हो गई. 220 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के कारण पेटीट-टेरे द्वीप पर सबसे ज्यादा नुकसान हुआ. अधिकारियों ने द्वीप पर रेड अलर्ट जारी किया. फ्रांस ने राहत एवं बचाव कार्यों में मदद के लिए 140 नागरिक सुरक्षा सैनिकों और अग्निशमन कर्मियों सहित अतिरिक्त बल भेजा है. इनके रविवार को मायोट पहुंचने की उम्मीद है. फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस मायोट के लोगों के लिए वहां मौजूद रहेगा. फ्रांसीसी अधिकारियों ने कहा कि 250 अग्निशमन कर्मी और सुरक्षाकर्मी द्वीपों पर भेजे जाएंगे, जिनमें से कुछ पहले ही पहुंच चुके हैं.



समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने फ्रांसीसी मीडिया बीएफएम टीडब्ल्यू के हवाले से बताया कि अंतर-मंत्रालयी संकट बैठक के बाद, फ्रांस के आंतरिक मंत्री ब्रूनो रिटेलेउ ने मीडिया को बताया कि स्थिति खतरनाक और असाधारण है. हालांकि, उन्होंने फिलहाल किसी निश्चित मानवीय क्षति का खुलासा नहीं किया. उनके कार्यालय ने फ्रांसीसी मीडिया को बताया कि सोमवार को उनका मायोत का दौरा करने का कार्यक्रम है.

बता दें कि उष्णकटिबंधीय तूफान चिडो एक छोटा लेकिन शक्तिशाली तूफान है जो वर्तमान में मोजाम्बिक के लिए भी खतरा है. यह तूफान पश्चिम की ओर बढ़ता जा रहा है. तेज गति से बढ़ने के बाद, चिडो ने 11 दिसंबर को मॉरीशस के अगालेगा में लैंडफॉल बनाया. अगले दिन इसकी तीव्रता चरम पर थी. उत्तरी मेडागास्कर से गुजरने के बाद, चिडो कुछ समय के लिए कमजोर हुआ, लेकिन जल्दी ही अपनी तीव्रता वापस पा ली.

तूफान ने 14 दिसंबर को बांद्राबौआ, मायोटे के पास दूसरी बार लैंडफॉल बनाया. उस दिन बाद में फिर से थोड़ा कमजोर हो गया. मायोट को शुरू में बैंगनी अलर्ट (उच्चतम स्तर) के तहत रखा गया था और आपातकालीन सेवाओं सहित पूरी आबादी के लिए सख्त लॉकडाउन लगा दिया गया था. बाद में बैंगनी को लाल अलर्ट में बदल दिया गया.

# बांग्लादेश में अगले साल हो सकते हैं आम चुनाव : चीफ एडवाइडर बोले- इलेक्शन से पहले जरूरी सुधार होने चाहिए

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश आज अपनी आजादी की 53वीं वर्षगांठ मना रहा है। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन और और अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने सोमवार को राजधानी ढाका में राष्ट्रीय स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बांग्लादेश ने 1971 में आज ही के दिन भारत की मदद से पाकिस्तान से आजादी हासिल की थी। मोहम्मद यूनुस ने इस मौके पर बांग्लादेश के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आम चुनाव की तारीखें 2025 के अंत तक या 2026 की पहली छमाही तक तय हो सकती हैं। मैंने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि चुनाव से पहले कुछ जरूरी सुधार किए जाने चाहिए। अगर राजनीतिक पार्टियां कुछ जरूरी सुधार पर सहमत हो जाएं तो 2025 में चुनाव नवंबर के अंत तक कराए जा सकते हैं।

5 अगस्त 2024 को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में फिलहाल अंतरिम सरकार स्थापित की गई। मोहम्मद यूनुस इस सरकार का सलाहकार नियुक्त किए गए हैं। बांग्लादेश के विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आज 1971 युद्ध में शामिल आठ भारतीय सिपाही और दो सेवारत अधिकारी ढाका पहुंचे हैं। वहीं बांग्लादेश से मुक्तिवाहिनी के 8 स्वतंत्रता सेनानी और सेना के दो अफसर कोलकाता पहुंचे हैं।

आरक्षण के खिलाफ आंदोलन ने किया था तख्तापलट बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30त्न कोटा सिस्टम लागू किया था, इसके बाद से ही ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा



था। यह आरक्षण खत्म कर दिया गया तो छात्रों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए। इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई। इसके बाद सेना ने देश की कमान संभाल ली। बांग्लादेश में भारत के लोकसभा चुनाव जैसी ही चुनावी प्रक्रिया बांग्लादेश में भी भारत के लोकसभा चुनाव जैसी ही चुनावी प्रक्रिया है। यहां संसद सदस्यों का चुनाव भारत की तरह ही फर्स्ट-पास्ट-द-पोस्ट प्रणाली के जरिए होता है। यानी जिस उम्मीदवार को एक वोट भी ज्यादा मिलेगा, उसी की जीत होगी। चुनाव परिणाम आने के बाद सबसे बड़ी पार्टी या गठबंधन के सांसद अपने नेता का चुनाव करते हैं और वही प्रधानमंत्री बनता है। राष्ट्रपति देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाते हैं।

यहां की संसद में कुल 350 सीटें हैं। इनमें से 50 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। आरक्षित सीटों पर चुनाव नहीं होता, जबकि 300 सीटों के लिए हर पांच साल में आम चुनाव होते हैं। भारत की संसद में लोकसभा के अलावा राज्यसभा भी होती है, लेकिन बांग्लादेश की संसद में सिर्फ एक ही सदन है। बांग्लादेश में सरकार का मुखिया कौन होता है? जवाब : भारत की तरह ही बांग्लादेश में भी प्रधानमंत्री ही सरकार के मुखिया होते हैं। राष्ट्रपति देश का प्रमुख होता है, जिसका चुनाव राष्ट्रीय संसद द्वारा किया जाता है। बांग्लादेश में राष्ट्रपति सिर्फ एक औपचारिक पद है और सरकार पर उसका कोई वास्तविक नियंत्रण नहीं होता है। 1991 तक राष्ट्रपति का चुनाव यहां भी सीधे जनता करती थी, लेकिन बाद में संवैधानिक बदलाव किया गया। इसके जरिए राष्ट्रपति का चुनाव संसद द्वारा किया जाने लगा। शेख हसीना 20 साल तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं थीं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर

सीधी, मंगलवार 17 दिसम्बर 2024




मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत शिक्षण संस्थाओं में रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया।



# मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत आयोजित शिविरों में शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करें

## सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित मुख्यमंत्री जनकल्याणकारी अभियान तथा अन्य विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अन्तर्गत आयोजित किये जा रहे शिविरों में संबंधित क्षेत्र के शत-प्रतिशत हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से लाभांवित करें तथा उन्हें शासन के कार्यक्रमों से भी अवगत कराते हुए लाभ लेने के लिये जागरूक करें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिये कि जनकल्याण शिविर में सभी विभागीय अधिकारी अनिवार्यतः उपस्थित रहें तथा जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि शिविर स्थल के



संबंधित क्षेत्र में विभागीय कर्मचारी व अधिकारी घर-घर जाकर शासन की योजनाओं से लोगों को लाभांवित करायें तथा शिविर में प्राप्त प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण भी हो।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन के शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों को संतुष्टि पूर्वक बंद करायें तथा मांग आधारित शिकायतों का निराकरण करें। उन्होंने 50 व 100 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों तथा चालू माह की शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि आगामी 23 व 24 दिसंबर को एल-1 अधिकारी व कार्यालय प्रमुख शिविर लगाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण करायें। जिन विभागीय अधिकारियों को प्रगति न्यून होगी उनकी वेतनवृद्धि रोकने की कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर ने रीवा एवं रायपुर कर्चुलियान के जनपद पंचायतों के सीईओ को अधिक लंबित शिकायतें होने व लापरवाही बरतने पर वेतनवृद्धि रोकने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान योजना के हितग्राहियों के कार्ड बनाने तथा 70 वर्ष से अधिक व्यक्तियों को आयुष्मान योजना के कार्ड बनाने के लिये शिविर लगाने के निर्देश दिये तथा कहा कि आगामी एक सप्ताह में जिले को प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायें।

बैठक में कलेक्टर ने धान उपार्जन की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उपार्जन केन्द्रों से धान के परिवहन के निर्देश दिये। उन्होंने 6 वर्ष तक की आयु के दिव्यांग बच्चों के लिये परीक्षण कैंप आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने ठण्ड से बचाव के लिये नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि भ्रमण कर देखें कि कोई खुले में न रहे यदि जरूरत हो तो अस्थाई रैन बसेरा की व्यवस्था करायें। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवड़े, अपर कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित एसडीएम, सीईओ जनपद तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अल्पविराम परिचय कार्यशाला का आयोजन आज सिरमौर में

**रीवा।** शासकीय कर्मचारियों में आनंद की अनुभूति कराने एवं उनके दैनंदिनीय कार्यों में सकारात्मकता के भाव में वृद्धि के उद्देश्य से जनपद स्तर पर अल्पविराम परिचय कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि सिरमौर में 17 दिसम्बर को राज्य आनंद संस्थान भोपाल के सहयोग से प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के 10-10 प्रतिभागियों तथा स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, नगरीय निकाय, कृषि व जन अभियान परिषद के पाँच-पाँच शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों सहित प्रत्येक जनपद में 60 प्रतिभागियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## हिनौती गौधाम के लिये पर्याप्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करायें : उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि हिनौती गौधाम के लिये पर्याप्त भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करायें ताकि 25 हजार गौवंश के संरक्षण के लिये शेड निर्माण सहित अधोसंरचना निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्य कराये जा सके।

उप मुख्यमंत्री ने गत दिवस बैठक में हिनौती गौधाम की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उनके संज्ञान में यह बात आयी कि गौधाम में उपलब्ध 133 हेक्टेयर भूमि में से राजस्व भूमि केवल 100 हेक्टेयर है शेष भूमि वन विभाग के दर्ज है। रीवा से सिंगरौली रेलवे लाइन निर्माण के लिए, ली गयी सीधी और सिंगरौली जिले की वन भूमि के बदले हिनौती गौधाम में प्रस्तावित 100 हेक्टेयर राजस्व भूमि का कुछ भाग दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि गौधाम की 100 हेक्टेयर राजस्व भूमि में से वन विभाग को जमीन



हस्तांरित न की जाय इससे गौवंश के संरक्षण के लिए बनाये जा रहे गौवन्य विहार में जमीन कम पड़ेगी। इसके स्थान पर सिरमौर तहसील में पनगढ़ीखुर्द में उपलब्ध जमीन को वन विभाग को दिया जाय। उल्लेखनीय है कि गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री राजेश पाण्डेय के प्रयासों से हिनौती गौधाम में भूमि की पर्याप्त उपलब्धता के प्रयास किये गये। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के संज्ञान में भी इस बात को लाया गया। उप मुख्यमंत्री ने श्री पाण्डेय को गौवंश वन्य विहार निर्माण की बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिये। बैठक में जनपद अध्यक्ष गंगेव विकास तिवारी तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैंकों में अब सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होगा लेन-देन

**रीवा।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक जगमोहन कुमार ने बताया है कि रीवा जिले के सभी बैंकों में बैंकिंग के समय में एक जनवरी 2025 से परिवर्तन किया जा रहा है। बैंकों में एक जनवरी से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक लेन-देन का कार्य होगा। यह व्यवस्था सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के साथ ग्रामीण बैंकों में भी लागू रहेगी। राज्य स्तरीय बैंकर्स सलाहकार समिति के निर्देशों के अनुसार बैंकों के बैंकिंग समय में परिवर्तन किया गया है। सभी बैंक शाखा प्रबंधक एक जनवरी 2025 से निर्धारित किए गए समय खण्ड में बैंकिंग का कार्य सुनिश्चित करें।

## प्रसिद्ध तबला वादक और पद्म विभूषण सम्मानित उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर उप मुख्यमंत्री ने व्यक्त किया शोक

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रसिद्ध तबला वादक और पद्म विभूषण से सम्मानित उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह संगीत और कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन ने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और साधना से भारतीय शास्त्रीय संगीत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनकी तबला वादन शैली, गहन संगीत समझ और साधना ने उन्हें विश्व स्तर पर एक अमिट पहचान दिलाई। ऐसी महान विभूति के जाने से संगीत और कला जगत में एक बड़ा रिक्त स्थान उत्पन्न हुआ है, जिसे भर पाना असंभव है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके परिवार, प्रशंसकों एवं शिष्यों को इस अपार कष्ट को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि उस्ताद जाकिर हुसैन की कला और विरासत सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेगी।

## कलेक्टर ने दो समिति प्रशासकों को दिया नोटिस

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समर्थन मूल्य में धान उपार्जन में लापरवाही बरतने पर दो समिति प्रशासकों को कारण बताओ नोटिस दिया है। इन्हें दो वेतनवृद्धियाँ असंचयी प्रभाव से रोकने तथा निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित करने का नोटिस दिया गया है। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के तहत की गई है। कलेक्टर ने समिति प्रशासक विकासखण्ड जवा विकास माठे तथा समिति प्रशासक त्योंथर अमरीश देव बघेल को नोटिस दिया है।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र के शिविर का कलेक्टर ने किया भ्रमण

### संबंधित जोन के पात्र हितग्राहियों को घर-घर जाकर योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

**रीवा।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर लोगों को शासन की हितग्राहीमूलक व जनकल्याणकारी योजनाओं से मौके पर ही लाभांवित किया जा रहा है। नगर निगम रीवा द्वारा वार्ड क्रमांक 14 नेहरू नगर एमपीईबी पार्क में आयोजित जनकल्याण शिविर का कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने भ्रमण किया तथा शिविर में प्राप्त आवेदनों व उन पर की गई कार्यवाही के विषय में जानकारी ली। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने पथ विक्रेता हेतु प्राप्त आवेदन सहित



जलकर, भवन अनुज्ञा तथा पीएम सूर्य किरण योजना एवं अन्य नगर निगम से संबंधित सेवाओं के लिये प्राप्त आवेदनों के विषय में पूँछताछ की। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि संबंधित जोन के पात्र हितग्राहियों को घर-घर जाकर योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। यदि कोई नवीन भवन निर्माणाधीन है तो उसका भी परीक्षण करें कि वह अनुज्ञा उपरांत ही निर्मित हो। कलेक्टर ने पेंशन योजनाओं का लाभ शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को दिलाये जाने के निर्देश दिये। शिविर में वार्ड निवासी विमला कोल एवं रामबाई कोल ने पथकर विक्रेता के लिये ऋण प्रदाय किये जाने का अनुरोध कलेक्टर से किया। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को परीक्षण उपरांत समस्त कार्यवाही कर संबंधितों को योजना से ऋण प्रदाय किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में प्राप्त समस्त आवेदनों को पोर्टल में फीड करायें। भ्रमण के दौरान आयुक्त नगर निगम डॉ. सौरभ सोनवड़े सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी व हितग्राही उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में 815 आवेदन पत्र हुए मंजूर

**रीवा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में 15 दिसम्बर से प्रत्येक विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर और 16 दिसम्बर को आयोजित शिविरों में कुल 1372



आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 815 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। 526 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 31 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 946 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 502 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 517, रायपुर कर्चुलियान में 45, रीवा में 58, सिरमौर में 128, गंगेव में 51 तथा जवा में 147 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 441, रीवा में 13, सिरमौर में 11 तथा जवा में 37 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 426 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 313 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 163, नगर पंचायत सिरमौर में एक, गुढ़ में 54, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 8, सेमरिया में 56, चाकघाट में 33, त्योंथर में 22, डभौरा में 54 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 26 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 145, नगर पंचायत सिरमौर में एक, गुढ़ में 53, मनगवां में 9, गोविंदगढ़ में 2, सेमरिया में 52, त्योंथर में 4, डभौरा में 22 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 25 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। 16 दिसंबर को दुलहरा, राजगढ़ गंगहरा, लौआ, लक्ष्मणपुर, कपुरी, चौरा, बरा, पिपरवार, रामपुर, घटेहा, गढ़ी तथा नीवा व जनकहाई में शिविर आयोजित हुआ।

## कमिश्नर आज करेंगे विभागीय कार्यो की समीक्षा

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बी.एस. जामोद 17 दिसंबर को प्रातः 10.30 बजे से आयोजित बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में टीएल पत्रों, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों, न्यायालयीन प्रकरणों तथा पेंशन प्रकरणों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## केन्द्रीय जेल में वृद्ध बंदियों के लिए आयोजित हुआ कार्यक्रम

**रीवा।** केन्द्रीय जेल में नालसा, द्वारा मानव अधिकार दिवस समारोह में वृद्ध, बंदियों एवं असाध्य रूप से बीमार बंदियों के लिये एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला स्तरीय समिति का गठन कर अभियान का आयोजन किया गया। विशेष अभियान में 70 वर्ष से अधिक आयु के 25 बन्दियों तथा असाध्य बीमारी से ग्रसित 12 बंदियों को शामिल कर उन्हे निःशुल्क विधिक सेवाओं तथा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। समिति में शामिल विधि



विशेषज्ञों द्वारा बंदियों के अपील संबंधी जानकारी तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई तथा उन्हे उचित सलाह प्रदान की गयी।

नालसा, नई दिल्ली द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य जेल में निरूद्ध वृद्ध बंदियों एवं असाध्य रूप से बीमार बंदियों को आवश्यक विधिक एवं स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराना है। अभियान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गठित समिति के सदस्य अभय मिश्रा जिला विधिक अधिकारी, आनंद पाण्डेय डिप्टी चीफ लीगल एड काउन्सिल, अनीश कुमार पाण्डेय जेल विजिटिंग लायर, भीम सिंह पैरालीगल वालेंटियर, डॉक्टर पीयूष निगम, विवेक मौर्य, प्रियंका धाकड़, जेल अधीक्षक सतीश उपाध्याय, उप अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह, उपेन्द्र द्विवेदी का विशेष योगदान रहा।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष पहुंचे भाजपा कार्यालय अटल कुंज

**रीवा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा विगत दिवस जारी हुई मंडल अध्यक्षों की सूची के बाद आज मंडल अध्यक्षगण भाजपा कार्यालय अटल कुंज पहुंचकर अपनी नियुक्ति उपरांत जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह से मिले। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह ने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को स्वागत करते हुए उन्हें बधाई देकर कहा कि आप सब पार्टी के महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त हुए है पार्टी एवं संगठन के प्रति आप सबका विश्वास और बढ़ गया है। निश्चित रूप से आप सब अपनी ऊर्जा एवं पूरी ताकत के साथ संगठन को नई ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास करेंगे।ज्ञात हो कि विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी द्वारा रीवा जिले के 26 मंडलों में से 24 मंडल के अध्यक्षों की घोषणा हुई है। पार्टी कार्यालय आने वाले मंडल अध्यक्षों में प्रमुख रूप से बनकुइयां मंडल अध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय, सेमरिया मंडल अध्यक्ष अरुणेंद्र तिवारी, शाहपुर मण्डल अध्यक्ष दिलीप सिंह, मनकहरी मंडल अध्यक्ष क्रान्तिवीर सिंह, डभौरा मंडल अध्यक्ष राजेंद्र अग्निहोत्री, गढ़ी मंडल अध्यक्ष समीर सिंह, लालगांव मंडल अध्यक्ष सुनील पाण्डेय, मनगवां मंडल अध्यक्ष अरुणेंद्र मिश्रा, देवास मंडल अध्यक्ष सौखीलाल कोल, सूरा मंडल अध्यक्ष मुकेश पटेल,गोविंदगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, गुढ़ मंडल अध्यक्ष अनंत गुप्ता रहे। इस अवसर पर जिला महामंत्री द्वय ममता गुप्ता, अशोक सिंह गहरवार, जिला मंत्री प्रवीण त्रिपाठी, रितेश मिश्रा, जिला कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी, सह कार्यालय मंत्री जय प्रताप सिंह , जिला सह संयोजक सोशल मीडिया द्वय आकाश चौरसिया, आदित्य पाण्डेय, मंडल महामंत्री युवा मोर्चा कर्णपाल सिंह बॉबी आदि उपस्थित रहे।

## पेंटियम पॉइंट टेक्निकल कालेज में लर्निंग लाइसेंस शिविर का किया गया आयोजन

**रीवा।** परिवहन विभाग रीवा के द्वारा पेंटियम पॉइंट कालेज में लर्निंग लाइसेंस का शिविर लगाकर छात्रो के लर्निंग लाइसेंस बनाये गए शिविर में छात्राओं के लाइसेंस निशुल्क बनाये गए जिसमे दो पहिया और चार पहिया की श्रेणी के लर्निंग लाइसेंस थे शिविर में टेक्नीशियन ने छात्रों को फेसलेस लर्निंग लाइसेंस अपने से बनाने का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के उपरांत छात्रो ने खुद से मोबाइल/कंप्यूटर के माध्यम से अपने लाइसेंस बनाये शिविर में आर टी ओ रीवा मनीष त्रिपाठी ने छात्रो को हेलमेट और लाइसेंस के महत्व को बड़े ही सरल शब्दों में समझाया और छात्रो को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी।कालेज के प्राचार्य श्री ब्रह्मानंद त्रिपाठी ने



दीप प्रज्वलित कराकर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया और परिवहन विभाग के अधिकारियों को हरे आम के पौधे देकर सम्मानित किया।कालेज प्रबंधन के साथ मिलकर परिवहन अधिकारियों के द्वारा कालेज में वृक्षारोपण भी किया गया। शिविर में आर टी ओ रीवा के साथ परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी रवि मिश्रा अनिल खरे बस एसोसिएशन से गुलाब द्विवेदी दिलीप शर्मा टेक्नीशियन शिवम तिवारी और कालेज से प्राचार्य ब्रह्मानंद त्रिपाठी के अलावा एस के त्रिपाठी अभिषेक पांडेय रत्लेश मिश्रा सुनील तिवारी मनोज गुप्ता आदि शामिल रहे है दिनांक 17/12/2024 को एम बी ए कालेज रीवा में लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन श्री अतुल पांडेय एमबीए डिपार्टमेंट के मार्गदर्शन में किया जाएगा।


आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अब रीवा (म.प्र.) के लाइफ केयर हॉस्पिटल में

**लेज़र मशीन द्वारा**

बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्चुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू

लेज़र फायदें

- अस्पताल में रहने की आवश्यकता नहीं
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
- कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है

उपलब्ध सुविधाएँ

- आकस्मिक चिकित्सा इकाई
- गहन चिकित्सा
- खून जाँच एवं डिजिटल एक्स-रे केन्द्र
- दवाईयाँ
- प्रसूति कक्ष
- शल्य चिकित्सा कक्ष
- शल्य क्रियोतर कक्ष

आयुष्मान द्वारा निःशुल्क उपचार की सुविधा

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें-

लाइफ केयर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर

जनता कॉलेज रोड, अनन्तपुर रीवा (म.प्र.)

8435896118, 9630131919, 7898847200


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विधि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833